माघ कृष्ण पक्ष-13, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 291 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
07 अप्रैल 2024
रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
36 अधिकतम
23 न्यूनतम



## धार्मिक अनुष्ठान



भोपाल। मां दुर्गा धाम शक्तिपीठ मंदिर अशोका गार्डन मैं चैत्र नवरात्र में स्थापित होने वाले 9 कलशो कीमां दुर्गा धाम शक्तिपीठ मंदिर अशोका गार्डन मैं चैत्र नवरात्र में स्थापित होने वाले 9 कलशो की शोभायात्रा निकाली 9 अप्रैल को मंदिर मे कलश की स्थापना के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान शुरू होंगे गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली 9 अप्रैल को मंदिर मे कलश की स्थापना के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान शुरू होंगे।

*फोटो निर्मल व्यास*



## व्याख्यान: भारत की संकल्पना भू सांस्कृतिक है, भौगोलिक नहीं

**भोपाल ।** भारत की मूल अवधारणा साधना और स्वाध्याय है। इसी वजह से कई आक्रमणों के बाद भी भारत स्वयं को बचाए हुए है। भारत की लंबे समय से भौगोलिक दृष्टि से ही नहीं वैचारिक रूप से भी खंडित करने का प्रयास किया जा रहा है। यह बात 'ऑर्गनाइजर' के संपादक प्रफुल्ल केतकर ने प्रज्ञा विमर्श न्यास द्वारा आयोजित व्याख्यान में कही, इसका विषय था- राष्ट्र के समक्ष वैचारिक चुनौतीयां और समाधान। .कार्यक्रम के अध्यक्ष मप्र लोकसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशोक पांडेय एवं मुख्य अतिथि संजीव अग्रवाल रहे। केतकर ने कहा कि विश्व में सभ्यताओं का संघर्ष रहा है, भारत ने अपनी जिजीविषा और ज्ञान परंपरा के आधार पर सभ्यताओं के संघर्ष पर विजय प्राप्त की । उन्होंने कहा कि भारतकी संकल्पना भू सांस्कृतिक है, भौगोलिक नहीं। भारत का मतलब है ज्ञान में रत रहने वाला समाज। संजीव अग्रवाल ने कहा कि विदेशी ताक़तों द्वारा कुछ अंदरूनी देशद्रोहियों न के सहयोग से समय समय पर अलग अलग विमर्श चलाए जाते हैं।समाज की इन ताक़तों का चेहरा बेनक़ाब करने की आवश्यकता है।

### चुनाव ड्यूटी लगाए जाने वाले मतदान एवं सुरक्षा कर्मियों के लिए अहम निर्णय

# घर से निकलते ही चुनावकर्मी माना जाएगा ऑनड्यूटी, अनहोनी हुई तो मिलेगा मुआवजा



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

चुनाव ड्यूटी लगाए जाने वाले मतदान एवं सुरक्षा कर्मियों के लिए काम की खबर है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि किसी व्यक्ति को प्रशिक्षण सहित किसी भी चुनाव संबंधी कार्य के लिए रिपोर्ट करने के लिए निवास, कार्यालय छोड़ते ही चुनाव ड्यूटी पर होना माना जाएगा। जब तक वह अपने कार्य प्रदर्शन के बाद अपने निवास, कार्यालय वापस नहीं पहुंच जाता। यदि इस अवधि के दौरान कोई दुर्घटना होती है, तो इसे चुनाव ड्यूटी पर हुई घटना के रूप में माना जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग सुरक्षा कर्मियों को लेकर अनुग्रह राशि का प्रावधान किया है। आयोग द्वारा विभिन्न कारणों से घायल या मृत्यु होने पर साढ़े सात लाख, 15 लाख और 30 लाख रुपये तक की अनुग्रह राशि दी जाएगी। इतना ही घायल कर्मचारियों को मुफ्त उपचार भी कराया जाएगा।

**यह है शामिल :** इसमें चुनाव संबंधी सभी प्रकार की ड्यूटी में तैनात सभी कार्मिक, सीएपीएफ, एसएपीएस, राज्य पुलिस, होम गार्ड के सभी सुरक्षाकर्मी, कोई भी निजी व्यक्ति जैसे ड्राइवर, क्लीनर आदि जिसे चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त किया गया हो और बीईएल, ईसीआईएल इंजीनियर भी शामिल हैं। जो प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी), ईवीएम कमीशनिंग, मतदान दिवस और मतगणना दिवस ड्यूटी में लगे हुए हैं।

## लोस चुनाव में अनुदान प्राप्त कालेजों के प्रोफेसरों की नहीं लगाई ड्यूटी, विरोध शुरू

**भोपाल।** आगामी लोकसभा चुनाव में सरकारी कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, स्कूलों आदि से शिक्षकों से लेकर अन्य कर्मचारियों और अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है। इससे प्राय- विवि, कॉलेजों और स्कूलों में अधिकांश काम रुक भी रहे हैं। वहीं लोकसभा चुनाव में अनुदान प्राप्त कालेजों के प्रोफेसरों को मुक्त रखा गया है। जिसका विरोध शुरू हो गया है। सरकारी कॉलेजों के प्रोफेसरों और अन्य शिक्षकों ने इस पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि राजधानी के करीब आधा दर्जन अनुदान प्राप्त प्राइवेट कॉलेजों के असिस्टेंट प्रोफेसरों या अन्य स्टाफ में से किसी की चुनाव ड्यूटी नहीं लगाई गई है। सरकार इन प्राइवेट कॉलेजों को हर वर्ष लाखों रुपए अनुदान के रूप में देती है, वह कॉलेज अर्द्धशासकीय भी हैं, उनके असिस्टेंट प्रोफेसरों को भी करीब डेढ़ लाख रुपए से अधिक वेतन और अन्य सुविधाएं मिल रही हैं। जबकि यह सभी शासन के रिकार्ड में रजिस्टर्ड हैं। जिन पर किसी गड़बड़ी की स्थिति में कार्रवाई भी की जा सकती है।

**असिस्टेंट प्रोफेसरों के अंडर में नियुक्तः** इधर कई प्रोफेसरों को असिस्टेंट प्रोफेसरों के अंडर में नियुक्त कर दिया गया है। इसके अलावा कई सरकारी कॉलेजों में नियमित स्टाफ की कमी के कारण मुख्य चुनाव अधिकारी को पत्र लिखकर संविदा कर्मियों को चुनाव में ड्यूटी लगाने की अनुमति मांगी गई है।

**आधा दर्जन कॉलेजों में हैं 28 असिस्टेंट प्रोफेसर :** राजधानी में आधा दर्जन अनुदान प्राप्त प्राप्त कॉलेज संचालित हैं, उनमें 28 अनुदानित असिस्टेंट प्रोफेसर कार्यरत हैं। इससे दो गुना गैर शैक्षणिक अधिकारी और कर्मचारी पदस्थ हैं। लेकिन इन सबको चुनाव से दूर रखा गया है।

### आरजीपीवी आर्थिक भ्रष्टाचार का मामला

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने किया सीएम हाउस का घेराव, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में हुए आर्थिक भ्रष्टाचार के मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है। रविवार को एबीवीपी कार्यकर्ता पॉलिटेक्निक चौराहे पर पहुंचे, जहां उन्होंने जमकर प्रदर्शन किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने सीएम हाउस का घेराव किया। एबीवीपी ने सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए नारेबाजी की और आशंका जताई कि सभी आरोपी विदेश भागने की फिराक में है और पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रही।




**पांच अलग-अलग स्थानों में भी किया था प्रदर्शन किया:** एक दिन पहले शनिवार को राजधानी के पांच अलग-अलग स्थानों में प्रदर्शन किया। राजधानी में एबीवीपी के यह प्रदर्शन रोशनपुरा चौराहा में चरित्र तिवारी, इंद्रपुरी चौराहा में उज्ज्वल, आशाराम चौराहा में हिमांशु शर्मा, वीआईपी रोड (रेत घाट चौराहा) में शिवम जाट और बीमा कुंज में अमित राय के नेतृत्व में किए गए।

**यह है पूरा मामला :** अभाविप के प्रांत मीडिया संयोजक शिवम जाट ने बताया कि आन्दोलन के फलस्वरूप गठित जांच समिति द्वारा की गई जांच के प्रारभिक रिपोर्ट में विश्वविद्यालय में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार एवं आर्थिक अनियमितता उजागर हुई है। उक्त जांच रिपोर्ट के संदर्भ में अभाविप की मांग के चलते उक्त भ्रष्टाचार में लिप्त दोषियों के विरुद्ध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा भोपाल जिले के अंतर्गत आने वाले गांधी नगर पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। परन्तु इतने गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज होने के एक माह के उपरांत भी पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अभाविप ने आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित चालीहा समिति ने किया सम्मान

### भगवान झूलेलाल जी की आरती के साथ हुआ सम्मान

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

झूलेलाल चालीहा साहिब समिति एच वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में शुक्रवार को पाप मोचनी एकादशी पर झूलेलालजी का अखा साहिब, आरती, पल्लव एवं प्रसादी वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम हरचंदानी ने समाज में नेक कार्य करने वालों का सम्मान भी किया। समिति ने बाक्सिंग कोच सोनम नायक, धाविका मोनिका कापसे, तनिषा आसनानी वेट लिफ्टर एवं बजरंग सेना समिति के रुप कुमार सोनी, कमलेश देवानी, राज बिजोरिया, प्रभु मूलचंदानी, राजकुमार गर्ग, जीतू शिवनानी, नरेन्द्र टहलानी, महेश दरयानी, गुरदास रामचंदानी, जगदीश सांवले, राजकुमार धानुक, राजेश केवलानी का सम्मान किया गया।



## कलियासोत में सीवेज छोड़ने पर 10 हजार जुर्माना

**भोपाल।** जलाशयों में सीवेज मिलने की शिकायतें लगातार होती हैं। होटल, रेस्टोरेंट, मैरिज गार्डन सहित अन्य प्रतिष्ठानों द्वारा अपने यहां से निकलने वाला सीवेज इनमें छोड़ा जा रहा है। गत दिवस नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तो एक मैरिज गार्डन द्वारा कलियासोत नदी में सीवेज छोड़ा जाने की जानकारी मिली। इस पर नाराजगी जताते हुए संचालक पर 10 हजार रुपये जुर्माना की कार्रवाई की गई है । वहीं अशोका गार्डन सब्जी मंडी स्थित सुलभ जन सुविधा केंद्र के केयर टेकर व कर्मचारियों द्वारा नागरिकों से निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूली की शिकायत सही पाई गई और मलिक ने उक्त सुलभ शौचालय के केयर टेकर पर एक हजार रुपये का जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की गई ।

## कांग्रेसियों ने संतनगर में जीत के समीकरणों को 'बुना'

### प्रत्याशी श्रीवास्तव व नेताओं की बैठक हुई

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को झूलेलाल मंदिर हाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया, जिसमें कांग्रेस के भोपाल से लोकसभा प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं से बात की। बैठक में जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना उपस्थित थे।

श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस के वचन पत्र में गरीब महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना एवं युवाओं को रोजगार और महंगाई को कम करने के लिए प्रयास किया जाएगा। किसानों के लिए गेहूं का मूल्य भी 2700 दिलवाया जाएगा। उन्होंने कहा भाजपा सरकार में महंगाई से आम आदमी परेशान है।

नरेश ज्ञानचंदानी ने कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता पूरे हुजूर में लोकसभा जीताने में मेहनत करेगा। ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारन ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर वार्ड 1 से लेकर 6 वार्ड तक कार्यकर्ताओं की एक बडी टीम बूथ प्रबंधक ओर बूथ प्रभारी के नाम से बनाई है। जो घर घर जाकर पम्पलेट के माध्यम से जनता से वोट मांगेगी ओर प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ से बाहर नहीं जाएगा। इस बैठक में पूर्व विधायक जितेन्द्र डागा, पूर्व जिलाध्यक्ष मोनू सक्सेना, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, माधू चांदवानी, उप ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी आदि उपस्थित थे।



**मेट्रो एंकर**

### सिंधी पंचायत कार्यालय में प्रबुद्धजनों की बैठक

# झूलेलालजी की भव्य शोभायात्रा यादगार बनेगी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

पूज्य सिंधी पंचायत ने सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलालजी का अवतरण दिवस चैतीचांद एवं सिंधी दिवस 10 अप्रैल को शानदार एवं यादगार बनाने के लिए गणमान्य नागरिकों बैठक हुइ, जिसकी अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी ने की।

बैठक के प्रारंभ में महासचिव माधू चांदवानी ने चेतीचांद पर सिंधू समाज द्वारा आयोजित शोभा यात्रा को गत वर्ष से सुंदर, विशाल एवं उत्साह वर्धक बनाने की आवश्यकता बताई। मुख्य अतिथि टेम्पल ऑफ संबोधि के वेदांत संत लाल साईं ने बताया कि भगवान झूलेलाल की भव्य शोभा यात्रा संत नगर की यादगार रहेगी, क्योंकि यह यात्रा प्रेम, एकता एवं भाईचारे के प्रतीक पारिवारिक रहेगी। परिवार का यह कर्तव्य है कि पूज्य बहिराणा के साथ झूलेलाल की जय-जयकार करते, नाचते-गाते सुंदर माहौल बनाएंगे।

साबू रीझवानी ने बताया कि भगवान झूलेलाल ने हमें मिलनसार, मेहनती, संस्कारवान, दयावान, दानवीर एवं देश भक्त बनाने का जो आशीर्वाद दिया है, वहीं समाज की उन्नति का मूल मंत्र है। जो हमारी मनोकामना पूर्ण करती है।



इस आयोजन के संयोजक कन्हैयालाल इसरानी ने विस्तार से शोभा यात्रा को कामयाब बनाने की सम्पूर्ण जानकारी दी। महिला-बहनों से भी सहयोग हेतु अपील की। चन्द्रप्रकाश ईसरानी ने पंचायत के पदाधिकारियों की प्रशंसा की। शोभायात्रा को सफल बनाने हेतु बर्तन व्यवसाय संघ के अध्यक्ष रामचंद मूलचंदानी, सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश तोलानी, विजय नगर पंचायत अध्यक्ष कैलाश शर्मा प्रभावी सुझाव भी दिये। प्रारंभ में सुप्रसिद्ध गायन कलाकार कमल खत्री ने भगवान झूलेलाल के भजन गुन गुनाकर समा बांधा।

### 'कारोबार बंद कर झूलेलाल शोभा यात्रा में शामिल हों'

भगवान झूलेलाल की जयंती 10 अप्रैल को सिंधु समाज द्वारा प्रस्तावित शोभा यात्रा को एतिहासिक स्वरूप दिया जा सके, इसके लिए संत हिरदाराम नगर की सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने यहां के सभी व्यापारिक संगठनों से अपना कारोबार बंद रखकर शोभा यात्रा में शामिल होने की अपील की है। पंचायत के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश ईसरानी एवं महासचिव सुरेश जसवानी ने इसके लिए थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के अध्यक्ष के अलावा बर्तन व्यापारी संघ, किराना व्यापारी संघ, दाल तेल एवं अनाज व्यापारी संघ, हार्ड वेयर व्यापारी संघ एवं सर्राफा एसोसियेशन के अध्यक्षों को पत्र लिखा है।

### 'विश्व स्वास्थ्य दिवस'

## एक्सीलेंस कॉलेज में स्टूडेंट्स ने बनाए पोस्टर, जाने मौसमी सब्जियों के गुण

**भोपाल।** उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (एक्सीलेंस कॉलेज) में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज के फूड साइंस एवं क्वालिटी कंट्रोल विभाग एवं फ्लेगशिप कार्यक्रम आरोग्यम के समन्वय में आयोजित इस कार्यक्रम में स्टूडेंट्स द्वारा संस्थान की केंटीन, मैस, बालक एवं बालिका छात्रावास के लिए स्वास्थ्य संबंधी पोस्टर्स तैयार किए गए। संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने यह पोस्टर्स हॉस्टल प्रभारियों को प्रदान कर उनके महत्व पर विद्यार्थियों से चर्चा की। विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. उषा कहोल एवं प्राध्यापकों चन्द्रकांता मौर्य, डॉ. प्राची चतुवेर्दी ने विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन ग्रहण करने की सलाह दी। साथ ही मौसमी सब्जियों मुनगा फली के उपयोग एवं लाभ से अवगत करवाया। संचालक ने समय-समय पर फूड साइंस एवं क्वालिटी कंट्रोल द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी संस्थान परिवार एवं विशेष रूप से बालक व बालिका छात्रावास के विद्यार्थियों के साथ साझा करने हेतु विभाग को प्रोत्साहित किया।

माघ कृष्ण पक्ष-13, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 291 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
07 अप्रैल 2024 रविवार

आज का मौसम
36 अधिकतम
23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो


Page- 7

## 54 साल बाद कल दुर्लभ सूर्य ग्रहण भारत में सूतक काल मान्य नहीं

**नई दिल्ली।** कल आठ अप्रैल को चैत्र मास की अमावस्या के दिन लगने जा रहा साल का पहला सूर्यग्रहण बहुत ही



अहम माना जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र में भी सूर्य ग्रहण बहुत ही खास माना जाता है और लोगों के जीवन पूरी तरह से प्रभाव भी डालता है। जबकि सूर्य ग्रहण एक खगोलीय घटना है। जब सूरज और पृथ्वी के बीच चंद्रमा आ जाता है तब सूर्य ग्रहण लगता है। वैज्ञानिकों की मानें तो, 8 अप्रैल को लगने जा रहा है पूर्ण सूर्य ग्रहण होगा जो 54 साल में सबसे लंबा पूर्ण सूर्य ग्रहण है। सोमवार को यह ग्रहण रात 9 बजकर 12 मिनट पर शुरू हो जाएगा और इसका समापन रात 2 बजकर 22 मिनट पर होगा। इस सूर्यग्रहण का मध्य समय रात 11 बजकर 47 मिनट पर होगा। यह पूर्ण सूर्यग्रहण होगा। सूर्य ग्रहण की अवधि 05 घंटे 10 मिनट की होगी. यह मीन राशि और रेवती नक्षत्र में लगने जा रहा है। चूंकि हण भारत में दिखाई नहीं देगा इसलिए इस ग्रहण का सूतक काल नहीं माना जाएगा।

## डिजिटलाइजेशन को लेकर यूएनजीए अध्यक्ष ने की भारत की तारीफ

**न्यूयॉर्क।** भारत में तेजी से हो रहे डिजिटलाइजेशन का संयुक्त राष्ट्र सभा में भी मुरीद हो गया है। भारत की तारीफ करते हुए संयुक्त राष्ट्र सभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा इससे भारत में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही गरीबी



को कम करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अन्य देशों को भी इससे देखना चाहिए। मेरा मानना है कि इसे वैश्विक समुदाय के साथ साझा किया जा सकता है। भारत में डिजिटलाइजेशन का जिक्र करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि जब भी मैं भारत के बारे में सोचना हूं तो मुझे अतुल्य भारत याद आता है। जब मैं यहां था तब मैंने इसे देखा था। मैं उल्लेख कर सकता हूं कि भारत में डिजिटलाइजेशन का बेहतरीन इस्तेमाल किया जा रहा है। गौरतलब है कि फ्रांसिस इस साल 22-26 जनवरी तक आधिकारिक यात्रा पर भारत में थे। इस दौरान उन्होंने नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक की और जयपुर और मुंबई की यात्रा भी की थी।

### महाकोशल में शहरी व आदिवासी मतदाताओं को साधने की जुगत में भाजपा...

# जबलपुर में मोदी का रोड-शो, मप्र में भाजपा इलेक्शन कैंपेन का नया दौर



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र में आज लोकसभा चुनाव के लिये भाजपा का अभियान नए दौर में पहुंचने वाला है। शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जबलपुर से मप्र मिशन की शुरूआत कर रहे हैं। वे यहां रोड शो करेंगे। इसके लिये राजनीतिक व प्रशासनिक स्तर पर जोरदार तैयारी की गई हैं। जबलपुर से पीएम की इस शुरूआत के कई मायने भी हैं। महाकोशल में शहरी व आदिवासी मतदाताओं को साधने के लिये भाजपा पहले से काम करती आ रही है। इसीलिये पीएम 9 अप्रैल को फिर इसी अंचल के बालाघाट में भी आ रहे हैं। जबलपुर और बालाघाट दो ऐसे क्षेत्र हैं जो छिंदवाडा को 'घेरते' हैं। आदिवासी इलाकों में पैठ बनाने के भाजपा के प्रयास हालिया विधानसभा चुनाव में भी चले थे, लेकिन भाजपा पूरी तरह कामयाब नहीं हो सकी और कांग्रेस को भी आदिवासी क्षेत्रों में काफी वोट मिले। मोदी आज बिहार व बंगाल में रैलियां करने के बाद जबलपुर पहुंच रहे हैं।



**इधर मुख्यमंत्री** डॉ. मोहन यादव आज राजगढ़ में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे हैं। यहां से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह उम्मीदवार हैं। इसके बाद यादव अपरांह जबलपुर पहुंचेंगे व मोदी के रोड शो में शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा अपने संसदीय क्षेत्र के तहत खजुराहो में चुनाव अभियान में जुटे हैं वे भी शाम तक जबलपुर पहुंचेंगे।

## केजरीवाल के लिए उपवास



दिल्ली शराब घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पार्टी कार्यकर्ता आज केंद्र सरकार के खिलाफ फ्रंट फुट पर हैं और सीएम की गिरफ्तारी के खिलाफ आंदोलन के तहत सामूहिक उपवास के जरिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पार्टी के कार्यकर्ता दिल्ली के जंतर-मंतर पर यह प्रोटेस्ट कर रहे हैं। आप नेता गोपाल राय ने कहा कि भारत के 25 राज्यों की राजधानी, जिला और ब्लॉक मुख्यालय और अपने गांव-कस्बे में लोग सामूहिक उपवास करके केजरीवाल को आशीर्वाद दे रहे हैं तथा न्यूयार्क, बोस्टन, लॉस एंजिल्स, वाशिंगटन डीसी, कनाडा में टोरंटो, आस्ट्रेलिया के मेलबर्न, यूके में लंदन, जर्मनी और नॉर्वे समेत अन्य जगहों पर सामूहिक उपवास हो रहा है।

## सपा चीफ अब लखनऊ पर कन्फ्यूज!

लोकसभा चुनाव के दौर में समाजवादी पार्टी में टिकट बदलाव का दौर भी थम नहीं रहा। कब, किसका टिकट बदल जाए, कट जाए या दोबारा मिल जाए, इसके बारे में पक्का नहीं कह पा रहा। हाल में सपा ने रामपुर, मुरादाबाद और



मेरठ में इतने बार टिकट बदले कि उसके कार्यकर्ता तक कंफ्यूज हो गए। अब अटकलें हैं कि सपा लखनऊ प्रत्याशी भी बदल रही है। बताते हैं कि लखनऊ प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा की जगह अब कुछ दूसरे नाम रेस में आ गये हैं। सबसे आगे लव भार्गव का नाम है।

## खजुराहो पर शाम तक फैसला

इधर मप्र के खजुराहो संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस और सपा के बीच चर्चा का दौर जारी है। यहां से इंडिया गठबंधन के तहत सपा उम्मीदवार का नामांकन निरस्त होने के बाद दोनों दलों के सामने मैदान में बने रहने के लिये किसी अन्य दल या निर्दलीय उम्मीदवार को समर्थन देना मजबूरी बन गया है। क्योंकि यहां से भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा



चुनाव लड़ रहे हैं। ताजा हालात में यह उनके लिये वाकओवर जैसी स्थिति है। कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सपा अध्यक्ष के साथ चर्चा के बाद निर्दलीय उम्मीदवारों के बारे में जानकारी भी मंगाई है। दोनों दलों की स्थानीय इकाई इस संबंध में आज शाम तक रिपोर्ट देंगी। उधर पटवारी आज बालाघाट में चुनावी दौरे पर पहुंच रहे हैं। जहां वे करीब आधा दर्जन स्थानों पर कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करेंगे। पीएम मोदी भी मंगलवार को यहां पहुंच रहे हैं।

# बर्निंग बस: देवास में ओवरलोड बस टायर फटने के बाद आग का गोला

**देवास, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पुणे से उत्तर प्रदेश के बलिया जा रही ओवरलोड यात्री बस क्रमांक यूपी 81 बीटी 6685 का टायर आज तड़के करीब 5.15 बजे मक्सी बाईपास पर फट गया। टायर फटने के बाद अचानक लगी आग से यात्री घबरा गए और जान बचाकर नीचे उतरे। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन बस और अधिकांश यात्रियों का पूरा सामान खाक हो गया। सूचना मिलने पर बीएनपी थाने से पुलिस और दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और एक घंटे से अधिक की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार बस में 100 से अधिक यात्री सवार थे। आशंका है कि यात्रियों से ओवरलोड होने के कारण टायर फटा और उसके बाद आग लग गई। सुबह करीब 9 बजे

### सौ से ज्यादा यात्री थे सवार, सभी बचे मगर सामान खाक



सभी यात्रियों को पुलिस द्वारा अन्य बस, लोडिंग वाहन, मैजिक वाहन से पास के निजी गार्डन में रुकने के लिए पहुंचाया गया। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक पूछताछ में 100 से अधिक यात्रियों के सवार होने का पता चला है। बस ट्रेवल्स के शिवपुरी निवासी मालिक से बात हुई है उसने दूसरी बस का इंतजाम करने की बात कही है। यात्रियों को ठहराने और उनके भोजन के लिए इंतजाम किए गए हैं।

# नड्डा की दिल्ली से चोरी हुई कार बनारस में मिली

### आरोपियों को पता था किसकी गाड़ी है!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की दिल्ली से चोरी कार मिल गई है। पुलिस ने नड्डा की टोयोटा फॉर्च्यूनर को बनारस से बरामद किया है। इस मामले में दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने नड्डा की कार की पहले नंबर प्लेट बदली और उसके बाद उसे अलीगढ़, लखीमपुर खीरी, बरेली, सीतापुर होते हुए बनारस ले गए। दिल्ली पुलिस को यह भी पता चला कि दोनों आरोपी फॉर्च्यूनर को नागालैंड लेकर जाने वाले थे। इस गाड़ी पर सांसद का स्टीकर लगा था, लिहाजा इसके दुरुपयोग की आशंका भी थी। खास बात यह है कि आरोपियों को पता चल गया था कि यह गाडी नड्डा की है,फिर भी वे इसे लेकर घूमते रहे। पुलिस ने गिरफ्त में आरोपियों से कार चोरी को लेकर की गई पूरी प्लानिंग के बारे में पूछताछ की। आरोपी भी क्रेटा कार से नड्डा की कार चोरी करने आए थे। आरोपी शाहिद और शिवांग ने बताया कि पहले उन्होंने नड्डा की कार चोरी करने के बाद सबसे पहले इसका नंबर प्लेट बदला




जिससे किसी को शक न हो। यह टोयोटा फॉर्च्यूनर कार नड्डा की पत्नी के नाम बताई जा रही है। 19 मार्च को नड्डा का ड्राइवर कार को लेकर गोविंदपुरी सर्विस सेंटर गया था। जब वह गाड़ी वापस लेने पहुंचा तो कार गायब थी।

## चैन्नई में स्टेशन पर चार करोड़ रु. जब्त, भाजपा सदस्य से पूछताछ



**चैन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु की राजधानी के तांबरम रेलवे स्टेशन पर अधिकारियों ने बड़ी मात्रा में कैश जब्त किया है। छह बैगों में चार करोड़ रुपये ले जाने की कोशिश कर रहे तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसमें बीजेपी सदस्य और एक निजी होटल के प्रबंधक सतीश, उसका भाई नवीन और ड्राइवर पेरुमल को हिरासत में लिया गया है। सूत्रों ने बताया कि सतीश ने कथित तौर पर थिरुनेलवेली से बीजेपी उम्मीदवार नैनिनार नागेंद्रन की टीम के निर्देशों के मुताबिक काम करने की बात कबूल की है। ज्ञात हो कि तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में दो दर्जन सीटों पर मतदान होगा।

**मेट्रो एंकर**

### प्लास्टिक कचरा लाने पर मुफ्त समोसा, गुलाबजामुन

# गार्बेज कैफे का मॉडल छत्तीसगढ़ से पहुंचा दिल्ली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शहरों को कचरामुक्त बनाने और खासतौर पर प्लास्टिक मुक्त रखने के कई प्रयोग होते रहे हैं, कुछ चल रहे हैं, कुछ लड़खड़ा रहे हैं और कुछ बंदप्राय हैं। हाल में दिल्ली में एमसीडी के साउथ जोन ने छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर की तर्ज पर साउथ दिल्ली को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए गार्बेज कैफे की शुरुआत की है। साउथ दिल्ली में हौजखास, ग्रीन पार्क, सीआर पार्क, ग्रेटर कैलाश सहित 21 जगहों पर गार्बेज कैफे शुरू किए गए हैं। यहां कोई भी प्लास्टिक वेस्ट देकर गुलाब जामुन, समोसे या भोजन की थाली का स्वाद चख सकता है। बीती 20 फरवरी से शुरू इन गार्बेज कैफे के माध्यम से एमसीडी ने अब तक 467 किलोग्राम प्लास्टिक वेस्ट कलेक्ट किया है। जोनल अफसरों के अनुसार दिल्ली में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध है, लेकिन अभी भी इनका इस्तेमाल हो रहा है। इसके लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। इसलिए 21 जगहों पर गार्बेज कैफे खोले गए हैं। इनके माध्यम से 45 दिनों में 467 किलोग्राम प्लास्टिक वेस्ट कलेक्ट किया गया है। सिर्फ प्लास्टिक वेस्ट ही नहीं, डेंगू मच्छरों से बचाव के लिए भी वर्ल्ड हेल्थ-डे पर जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत वसंत विहार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, अफसरों ने कहा कि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे इस अभियान के सूत्रधार हैं। इनके माध्यम से इसे अभियान को घर-घर पहुंचाया जाएगा।



### क्या है अंबिकापुर मॉडल

दरअसल छग में अंबिकापुर नगर निगम द्वारा 2019 में शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए 'मोर द वेस्ट-बेटर द टेस्ट' स्लोगन के साथ गार्बेज कैफे की शुरुआत की गई थी। इसमें एक किलो प्लास्टिक कचरा लाने पर



भोजन व आधा किलो प्लास्टिक लाने पर नाश्ता दिया जाता था। इस अनूठी पहल की देश-विदेशों में चर्चाएं हुई थी। हालांकि हाल में कुछ खबरें ऐसी भी आई हैं कि नगर निगमकी इस अनूठी पहल पर अब पलीता लग रहा है। आलम यह है कि जिस गार्बेज कैफे की देश और दुनिया में तारीफ हो रही थी वो बंद होने की कगार पर है। उस स्थान पर निजी होटल का संचालन हो रहा है। इधर निगम प्रशासन का दबी जुबान कहना रहा है कि लोग प्लास्टिक लेकर गार्बेज कैफे नहीं पहुंच रहे, यानी या तो शहर प्लास्टिक मुक्त हो चुका है या लोग लापरवाह?

## रामलला के लिए लगा कूलर-एसी, भोग में दही-रबड़ी

**अयोध्या, एजेंसी।** रामलला को गर्मी से बचाने के लिए गर्भगृह में कूलर लगा दिया गया है। लगातार बढ़ रहे



तापमान के चलते रामलला गर्मी की तपिश झेल रहे थे। ऐसी मान्यता है कि जिन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा हो जाती है उसमें भगवान का वास हो जाता है, आम जीवों की तरह उन्हें भी ठंडी, गर्मी, भूख, प्यास का अहसास होता है। रामजन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि गर्भगृह में कूलर की व्यवस्था ट्रस्ट की ओर से कर दी गई है। एसी भी आज लग रहा है। गर्मी से बचाने के लिए रामलला के राग-भोग में भी बदलाव किया गया है। इन्हें अब गोटेदार सूती वस्त्र पहनाए जा रहे हैं। भोग में दही व रबड़ी बढ़ा दी गई है। मौसमी फलों का भी भोग लगाया जा रहा है।

**कुछ दशक पहले तक भारत में विमान से यात्रा करना मध्यवर्गीय भारतीयों के लिए एक ग्लैमरस मामला था और एयरपोर्ट पर कुछ खास किस्म के चेहरे ही दिखते थे, लेकिन अब आम आदमी से लेकर श्रमिक तक, यानी पूरा भारत दिखता है, जो एक सुखद अहसास है।**

## उड़ान भी अब बदल गई है... और उड़ने वालों की जमात भी

■ अद्वैता काला

कवि रामधारी सिंह 'दिनकर' ने 1950 के दशक में अपनी वारसॉ की विमान यात्रा के बारे में लिखा था। कौतुहल और भय से भरा हुआ उनका गद्य उड़ान की व्याकुलता के बारे में था, जिसे एयर इंडिया की पत्रिका में प्रकाशित किया गया था। उस गद्य में उड़ान के अनुभव के बारे में उन्होंने अपनी भावनाओं को साझा किया था, जो दशकों बाद भी मेरे दिमाग में गूंजती हैं। उन्होंने लिखा था- 'हवाई यात्रा, स्वभाव से ही जरा संकट की यात्रा होती है और मुझ जैसे डरपोक लोग जब भी हवाई जहाज पर कदम धरते हैं, वे यह सोच लेते हैं कि अब तक जो जी लिया, अब अगर आगे भी जीना होगा, तो जहाज सकुशल धरती पर लौट आएगा।' वैसे तो दिनकर जी की तरह मैं भी एक डरपोक किस्म की इंसान हूं। हालांकि कई वर्षों पहले की बात है, जब मैंने दिल्ली से देहरादून के लिए एक घरेलू उड़ान ली थी। यह मेरी एक छोटी-सी विमान यात्रा थी, क्योंकि उड़ान भरने के कोई 10 मिनट बाद ही कैप्टन ने घोषणा की और केबिन क्रू को लैंडिंग के लिए तैयार होने के लिए कहा। कह सकती हूं कि यह मेरी एक सर्वश्रेष्ठ उड़ान थी। मेरी घेरलू सहायिका भी मेरे साथ पहली बार विमान से यात्रा कर रही थी और वह मेरी बगल में बैठी थी। उड़ान के दौरान वह बहुत सहज महसूस कर रही थी, उसका यह रवैया ठीक मेरे विपरीत था, जबकि मैं जब छोटी-सी बच्ची थी, तभी से विमान यात्रा कर रही हूं। वह काफी सहज होकर विमान में परोसे गए भोजन का आनंद ले रही थी, खिड़की के बाहर तैरते हुए बादलों को देख रही थी और जब विमान ने उड़ान भरी या नीचे उतरने लगा, तो उसे अपने पेट में किसी प्रकार की हलचल महसूस नहीं हुई। कहने की जरूरत नहीं है कि उसका अनुभव मेरे अनुभव से बिल्कुल अलग था!

हवाई यात्रा के दौरान मेरी घेरलू सहायिका ने एक बात जो नोटिस की और जिसकी तरफ उसने मेरा ध्यान दिलाया, वह थी हवाई अड्डे पर मौजूद अन्य यात्री, जो हवाई यात्रा कर रहे थे। इस बात ने उसे काफी आश्चर्यचकित किया, क्योंकि उसने मेरा ध्यान बिहारी मजदूरों के एक समूह की ओर दिलाया, जो दूसरे काउंटर पर अपनी पोटली की जांच करवा रहे थे। मेरी घरेलू सहायिका को यह सब देखकर विश्वास नहीं हो रहा था, क्योंकि उसने हवाई अड्डे पर ऐसे लोगों को देखने की कभी उम्मीद नहीं की थी। हालांकि समय के साथ चीजें बहुत बदल गई हैं। जो काफी बूढ़े लोग हैं, वे याद कर सकते हैं कि कैसे कुछ दशक पहले तक भारत में विमान से यात्रा करना मध्यवर्गीय भारतीयों के लिए एक ग्लैमरस मामला था। पहले जो लोग हवाई जहाज से यात्रा करते थे, वे अपनी उड़ानों के लिए अच्छे कपड़े पहनते थे। यात्रा के बाद उनके रवैये में एक खास तरह का बदलाव आ जाता था और उनकी खुशबू अलग होती थी। यह एक वर्गीय भावना थी। इकनॉमी क्लास में भी यात्रा केवल उच्च वर्ग के लोग ही करते थे। उदारीकरण ने और अधिक एयरलाइनों के लिए आसमां खोल दिया, लेकिन विमान यात्रा करना अब भी सभी के लिए आसान नहीं था, खासकर कड़ी मेहनत करने वाले उन बिहार के मजदूरों के लिए, जो छुट्टी में अपने घर लौट रहे थे। लेकिन वर्ष 2014 के बाद मोदी सरकार के प्रयासों से हवाई मार्गों और हवाई अड्डों के खुलने के साथ-साथ हवाई जहाजों के प्रतिस्पर्धी किरायों ने हवाई यात्रा को आम लोगों के लिए और अधिक सुलभ बना दिया है और हम सभी को इस बात पर गर्व महसूस करना चाहिए, यहां तक कि उन लोगों को भी, जो हवाई यात्रा करने से डरते हैं। हालांकि रेल से यात्रा करना पसंद करने के बावजूद मेरा मानना है कि नई वंदे भारत ट्रेन की सीटें किसी भी एयरलाइन की सीटों से कहीं अधिक आरामदेह हैं। पर मोदी सरकार के इस परिवर्तनकारी दृष्टिकोण से अलग जो उल्लेखनीय बात है, वह है सामान्य, कामकाजी वर्ग का आत्मविश्वास। और सिर्फ मध्यवर्गीय भारतीयों में ही नहीं, बल्कि श्रमिक वर्ग में भी उड़ान को लेकर यह आत्मविश्वास आया है।



चेक-इन के समय की औपचारिकताओं को पूरा करने में मुझे अपनी घरेलू सहायिका की मदद करनी पड़ी। लेकिन उसने मुझे आश्वस्त किया कि अगली बार वह अपना आधार कार्ड और टिकट अपने हाथ में रखेगी और अकेले यात्रा करने में सक्षम होगी, क्योंकि चेक-इन प्रक्रिया सुव्यवस्थित और सहज थी, जिससे उसे अब कोई डर नहीं लगता था। रेल से यात्रा करना पसंद करने के बावजूद मुझे स्वीकार करना होगा कि यदि आप समय से पहले पहुंच जाते हैं, तो हवाई यात्रा में ट्रेनों में होने वाली अव्यवस्था नहीं होती है। हालांकि, श्रमिक वर्ग के रवैये में यह आत्मविश्वास, जिसमें उनकी पोटली और अन्य सामान की जांच करने वाले श्रमिकों का समूह भी शामिल है, एक गरिमा और गतिशीलता का संकेत देता है, जो हमारे देश के हवाई अड्डों पर शायद ही कभी देखा जाता था।

मुझे लगभग बारह-तेरह साल पहले की बात याद आती है, जब मैंने मध्य पूर्व की यात्रा की थी, तब मैंने देखा कि हमारे देश के बहुत से लोग हवाई अड्डे पर उतरते समय एक साथ इकट्ठा हो गए थे और उन्हें अपनी आव्रजन सुविधाओं के लिए एक कोने में बैठा दिया गया था, वे वहां मजदूरों के रूप में काम करने के लिए गए थे। मुझे उन लोगों का मवेशियों की तरह झुंड बनाना, उनके भ्रमित चेहरे और उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार बहुत परेशान करने वाला लगा। मैंने भारत में अंतरराष्टीय चेक-इन काउंटर पर एक व्यक्ति की मदद की थी, और जब वह दूसरों के साथ बैठा, तो उसने उनसे नजरें भी नहीं मिलाईं। इस प्रक्रिया में गरिमा का पूरी तरह अभाव दिखा। अंतरराष्टीय उड़ान की तो बात ही छोड़ दें, यह उन सभी के लिए पहली उड़ान थी। किसी अनजान मुल्क में होने, विमान से यात्रा करने और फिर विदेशी भाषा की सीमित जानकारी के साथ वहां की सरकार की जांच-प्रक्रिया से संबंधित संयुक्त आतंक के प्रति मैं सहानुभूति रखती हूं। इसने मेरा दिल तोड़ दिया। इसलिए अपने देश में इतने सारे श्रमिकों को विमान यात्रा करते देखकर मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत खुशी हुई। बेशक अधिकांश उड़ानें कम समय की रही हों, लेकिन यह एक लंबी छलांग है, जब उन लोगों के आत्मविश्वास और सम्मान की बात आती है, जो कठिन मेहनत करते हैं। (साभार)

## हमें खुद के करीब ले जाते हैं खाली लम्हे, जिनका हमें नहीं देना होता हिसाब

■ महेश परिमल

हम सभी के जीवन में बहुत से ऐसे पल होते हैं, जो यादगार होते हैं। अक्सर लोग यादगार लम्हों को संजोकर रखना चाहते हैं। आजकल मोबाइल का जमाना है। लोग जीवन के पल-पल को संजोकर रखने के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। मोबाइल से ली गई तस्वीरों को देखकर हमें इनका हिसाब देना होगा। हमें यह बताना होगा कि यह तस्वीर हमने कहां ली थी, किस शहर में ली थी, किन परिस्थितियों में ली थी। इन तस्वीरों के बारे में बताने के लिए हमें अपनी याददाश्त को पूरी तरह से चैतन्य रखना होगा। इन तस्वीरों के साथ हम कहीं न कहीं बंध जाते हैं। इससे अलग हटकर जिंदगी के कुछ लम्हे ऐसे होते हैं, जिनके लिए हमें किसी को भी हिसाब नहीं देना होता। ये सारे पल हमारे होते हैं। इन पर हमारा ही अधिकार होता है। ये खाली लम्हे ऐसे होते हैं, जो हमें खुद के करीब ले जाते हैं। जब हम खुद के करीब होते हैं, ये वही पल होते हैं, जो हमें कुछ न कुछ सबक दे जाते हैं। इन सबक में वे विचार भी होते हैं, जिनसे हमारे जीवन को नई दिशा दी।

हम उदास हैं, शहर से दूर कहीं एकांत में बैठे चिंतन कर रहे हैं। विचारों का प्रवाह आ-जा रहा है। विचारों की तरंगें दूर जा-जाकर लौट रही हैं। ऐसे में एक विचार आया और हम एक दृढ़ संकल्प के साथ उठ खड़े हुए। ये वही खाली लम्हे थे, जिस पर हमारा पूरा अधिकार था और रहेगा। इनका हिसाब हमें किसी को नहीं देना होता है। इन लम्हों को हमने पूरी तरह से स्वयं पर खर्च किया। इसके बदले में हमें मिला एक नया विचार, जिसने जीवन की दिशा ही बदल दी। एक ओर जहां जिंदगी तेजी से भाग रही हो, उन हालात में हम कहीं एकांत में बैठकर कुछ सोचने बैठ गए। इसके बरक्स आसपास ही देख लिया जाए, हर कोई भागा जा रहा है। सभी के हाथ में मोबाइल के अलावा कीमती घड़ी भी है, पर किसी के पास वक्त नहीं है। इंसान कई बार अपने लिए जीता है, तो कई बार अपनों के लिए। जीने के इस क्रम में हमेशा गफलत हो जाती है। जब उसे अपने लिए जीना होता है, तब वह अपनों की फिक्र करता है, पर जब उसे दूसरों के लिए जीना होता है, तो उसे खुद की याद आती है। इंसान यहीं लड़खड़ाता है। कब अपने लिए जीना है और कब अपनों के लिए, यह जीवन जीने के दृष्टिकोण पर निर्भर करता है। सबसे पहले हमें अपनों की तलाश करनी होगी। देखा जाए तो कभी कोई किसी का सगा नहीं होता, दूसरी तरफ हर कोई हमारा अपना है, सगा है। जीवन में जब हम अपनों के बीच होते हैं, तो समय अगर ठहर गया है, तो समझ लिया जाए कि वे अपने हैं। जिनके करीब जाने से जीवन ही बोझ लगने लगे, तो समझा जाए कि वह कभी अपना नहीं हो सकता। जिनके पास जाने से समय ठहर जाता है, ठीक वही व्यक्ति है, जो हमारे खाली लम्हों को जिंदा रखने में हमारी मदद करेगा। हमें ऐसे लोगों की तलाश करनी होगी। ऐसे लोग हमें दोस्त के रूप में भी मिल सकते हैं, रिश्तेदार के रूप में और कभी-कभी हमारे सहकर्मी के रूप में। इनमें से हमारे अपने कौन हैं, ये समय की कसौटी पर खरे उतरते हैं या नहीं, यह वक्त बताता है।



**हम सब जिंदगी की एक ऐसी दौड़ में शामिल हैं, जिसका कोई अंत नहीं है। इस अंतहीन दौड़ में हर कोई भागा जा रहा है। उसे कहां जाना है, उसे ही पता नहीं। यह दौड़ कब और कहां खत्म होगी? कहीं पढ़ा था कि जिंदगी की दौड़ में इतना भी तेज मत दौड़ो कि जब तुम पीछे देखो, तो अपनों के चेहरे धुंधले दिखने लगें।**

हम सब जिंदगी की एक ऐसी दौड़ में शामिल हैं, जिसका कोई अंत नहीं है। इस अंतहीन दौड़ में हर कोई भागा जा रहा है। उसे कहां जाना है, उसे ही पता नहीं। यह दौड़ कब और कहां खत्म होगी? कहीं पढ़ा था कि जिंदगी की दौड़ में इतना भी तेज मत दौड़ो कि जब तुम पीछे देखो, तो अपनों के चेहरे धुंधले दिखने लगें। आज वही हो रहा है, हम दौड़ रहे हैं, हमारी गति तेज होती जा रही है, अपनो से दूर हो रहे हैं, उनके चेहरे धुंधले हो रहे हैं। हमारे सामने वे ही चेहरे हैं, जो हमारे प्रतिस्पर्धी हैं। अपने प्रतिस्पर्धी को ही हमने अपना मान लिया है। उनकी बराबरी करते हुए हम रिसते जा रहे हैं। भीतर से खाली हो रहे हैं। यहां तक पहुंचते-पहुंचते हम इतने खाली हो जाते हैं कि हमारे पास खाली लम्हे भी नहीं बच पाते। हम उन खाली लम्हों को फिर से लाना होगा। वे लम्हे ही थे, जिसके माध्यम से हम अब तक सामाजिक कुरीतियों से बच पाए। अपनों के बीच अपना बनकर रह पाए। वे खाली लम्हे हमसे बस थोड़ी-ही दूर हैं। इन लम्हों का हमें किसी को हिसाब नहीं देना है। ये अपने हैं और अपने ही रहेंगे। इनके बीच रहकर हम बहुत-कुछ सीख पाएंगे। जीवन की इस शाम में खाली लम्हों के बीच समय गुजारा जाए, तो सुकून की दौलत मिलेगी। यह दौलत ही जिंदगी की सबसे बड़ी दौलत होती है। सारी दौड़ इसी को पाने के लिए हो रही है। (साभार)

## अधिकांश लोग ले रहे हैं निष्क्रिय अनुभव का 'आनंद'

■ मुकुल श्रीवास्तव

**वर्ष 2010 में जो सोशल मीडिया आशाओं-उम्मीदों का प्रतीक बनकर उभर रहा था, वह 2020 आते-आते फेक न्यूज और लोगों के राजनीतिक विचारों को प्रभावित करने जैसे आरोपों का शिकार हो गया। महज दस साल में ही लोग अब सोशल मीडिया पर अपनी राय पोस्ट करने से परहेज करने लगे हैं। पोस्ट करने से आशय टेक्स्ट, इमेज फॉर्म में अपने आपको अभिव्यक्त करने से है। लोग लॉग इन तो करते हैं, पर बहुत कम लोग ही पोस्ट कर रहे हैं। लोग प्रतिदिन लगभग दो घंटे इंस्टाग्राम, फेसबुक या एक्स जैसे सोशल मीडिया को स्क्रॉल करते हुए समय बिताते हैं, लेकिन उनकी आखिरी पोस्ट एक साल पहले की होती है। कभी-कभी लोग स्टोरी जरूर शेयर करते हैं, लेकिन वह चौबीस घंटे बाद गायब हो जाती है। किसी तरह के विवाद से बचने के लिए लोग अब यह सोचने पर मजबूर हो गए हैं कि इस बात पर झगड़ने की जरूरत नहीं है कि किसने किसे वोट दिया या कोई क्या सोचता है। अब वे आमने-सामने या समूह चैट को प्राथमिकता देते हैं, जिसे 'निजी नेटवर्किंग' कहा जा रहा है।**

उपयोगकर्ताओं के सर्वेक्षण और डाटा-एनालिटिक्स फर्मों के शोध के अनुसार, अरबों लोग सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं, पर वे कम पोस्ट कर रहे हैं और ज्यादातर निष्क्रिय अनुभव का आनंद ले रहे हैं। वे अब भी लोगों की सोशल मीडिया फीड देखने या रील देखने में समय बिता रहे हैं, लेकिन वे अब अपनी राय रखने में उतने सक्रिय नहीं रहे हैं। यानी यह टाइम पास करने का जरिया बन चुका है, डाटा-इंटेलिजेंस कंपनी मॉर्निंग कंसल्ट की अक्तूबर रिपोर्ट में, सोशल-मीडिया अकाउंट वाले 61 प्रतिशत वयस्क अमेरिकी उत्तरदाताओं ने कहा कि वे जो पोस्ट करते हैं, उसके बारे में ज्यादा चयनात्मक हो गए हैं, यानी अब लोग क्या पोस्ट करना है, उसके बारे में सोचने लग गए हैं। भारत भी अपवाद नहीं है। भले ही अपने विशाल सोशल मीडिया यूजर बेस के कारण यहां ऐसा नहीं दिखता, पर अब लोग सोशल मीडिया पर कम पोस्ट शेयर कर रहे हैं। इसके कई कारण हैं। इस शोध के हिसाब से लोग मानने लगे हैं कि वे जो सामग्री देखते हैं, उसे नियंत्रित नहीं कर सकते। वे अपने जीवन को ऑनलाइन साझा करने के प्रति भी अधिक सुरक्षात्मक हो गए हैं और उन्हें अपनी निजता की भी चिंता होने लगी है। सोशल मीडिया पर ट्रोलर्स की बढ़ती संख्या के कारण भी लोगों का मजा किरकिरा हुआ है।

यह सोशल मीडिया कंपनियों के व्यवसाय के लिए खतरा है। उपयोगकर्ताओं के ज्यादा से ज्यादा शेयर करने के कारण ही वे दुनिया की सबसे शक्तिशाली कंपनियों और प्लेटफार्मों में से एक बन गए हैं। मजेदार बात यह है कि इनमें से कोई भी कंपनी कोई उत्पाद नहीं बनाती है, फिर भी ये दुनिया की बड़ी और लाभकारी कंपनियां बन गई हैं। जाहिर है, लोगों के कुछ कहने की आदत के कारण यानी सिर्फ यूजर जेनरेटेड कंटेंट के कारण ये कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं। भारत में बेशक अभी अमेरिका जैसी स्थिति नहीं है, पर लोग अपनी निजता की सुरक्षा के लिए सब कुछ सोशल मीडिया पर डालने की मानसिकता से किनारा कर रहे हैं। इसका एक बड़ा कारण सोशल मीडिया एकाउंट का उपयोग मार्केटिंग और ब्रांडिग के लिए किए जाने के अलावा मीडिया लिट्रेसी का प्रचार-प्रसार भी है। वैसे भी सोशल मीडिया पर आते ही उपभोक्ता डाटा में तब्दील हो जाता है। इस तरह देश में हर सेकंड असंख्य मात्रा में डाटा जेनरेट हो रहा है, जिसका फायदा इंटरनेट के व्यवसाय में लगी कंपनियों को हो रहा है।




आधिकारिक तौर पर सोशल मीडिया से भारत में कितने रोजगार पैदा हुए, इसका उल्लेख नहीं मिलता, क्योंकि ये सारी कंपनियां इनसे संबंधित आंकड़े सार्वजनिक नहीं करतीं। साथ ही प्रत्यक्ष रोजगार के काफी कम होने का संकेत इन कंपनियों के कर्मचारियों की कम संख्या से प्रमाणित होता है। अब सोशल मीडिया कंपनियां उपयोगकर्ताओं को ज्यादा व्यक्तिगत अनुभव देने की ओर अग्रसर हैं। वे मैसेजिंग जैसे अधिक निजी उपयोगकर्ता अनुभवों में निवेश कर रही हैं और बातचीत को ज्यादा सुरक्षित बना रही हैं, जिसमें लोगों को अंतरंग साथियों के लिए पोस्ट करने के लिए प्रोत्साहित करना भी शामिल है। हाल ही में इंस्टाग्राम ने क्लोज फ्रेंड्स फीचर जारी किया है। इन सबके बावजूद सोशल मीडिया से लोगों की बढ़ती अरुचि किसी नए माध्यम के विकास का बहाना बनेगी या नए यूजर की बढ़ती संख्या इसे ही बनाए रखेगी, यह देखना दिलचस्प होगा।



# मोरन नदी में तरबूज, खरबूज खीरा-ककड़ी की हरियाली

*सिवनी मालवा। गर्मी का मौसम आते ही सिवनी मालवा विकासखंड के अंतर्गत आने वाली मोरन नदी के किनारे लगने वाली डंगर बाडिओ में इन दिनों तरबूज, खरबूज खीरा-ककड़ी सहित हरी सब्जियां लगने लगी है क्षेत्र की जनता को भी मोरन नदी के तरबूज खरबूज की विशेष डिमांड रहती है, मोरन नदी के तरबूजो को बाहर के लोगों की भी पहली पसंद रहती हैं।*

### कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा की..

# ग्रामीण-नगरीय क्षेत्र में ग्रीष्मकाल में पेयजल का संकट उत्पन्न न हो: कलेक्टर

### उपार्जन केंद्रों में व्यवस्थाएँ सुदृढ़ हों, खाद्य एवं कृषि विभाग के साथ साथ एसडीएम डेली मॉनिटरिंग करें..

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर सोनिया मीना ने समय सीमा की बैठक में पेयजल की स्थिति, विद्युत , उपार्जन, उर्वरक सिंचाई की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने ईई पीएचई को निर्देश दिए की वह अभी से यह सुनिश्चित करे की भीषण गर्मी की स्थिति में गांव में पेयजल के स्रोत ना सुखे, किसी भी स्थिति में किसी भी गांव में पेयजल का संकट उत्पन्न ना हो। यदि हैंडपंप बंद हो रहे हैं या हैंडपंप में जल का स्तर कम हो रहा है, तो वहां पेयजल का वैकल्पिक स्रोत सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए की पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं पीएचई विभाग के यंत्री इस संबंध में अलर्ट रहे। लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए किसी भी मतदान केंद्र पर भी हैंडपंप बंद न हो। प्राथमिकता से यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी हैंडपंप चालू स्थिति में रहे । कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्कूलों के हैंडपंपों को प्राथमिकता से सुधारा जाए। यदि कोई व्यक्ति हैंडपंप, नल जल योजना के स्रोत के समीप खुदाई कर रहा है तो उसकी जानकारी से जिला प्रशासन को अवगत कराने के निर्देश दिए ईई पीएचई को दिए। कलेक्टर ने विभाग को निर्देश दिया कि एक जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित कर कंट्रोल रूम का नंबर प्रकाशित कराए ताकि जिन्हे भी पेयजल से संबंधित कोई समस्या हो या कोई शिकायत करना चाहता हो तो वह इस कंट्रोल रूम के नंबर पर संपर्क करके अधिकारियों को अवगत करा सके। कलेक्टर ने कहा कि शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



### तहसीलदार एवं एसडीएम कोर्ट के प्रकरण लंबित न रहे

**कलेक्टर ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देश दिए की वह यह सुनिश्चित करें कि वे अपने-अपने कोर्ट में चल रहे हैं प्रकरणों का तेजी से निराकरण करें । किसी भी कोर्ट में 85 प्रतिशत से नीचे डिस्पोजल की स्थिति ना रहे। नियमित रूप से कोर्ट लगाते रहे और पैशी भी नियमित रूप से चलती रहे.**

**बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, सभी विभाग के संबंधित अधिकारीगण एवं सभी एसडीएम ऑनलाइन मौजूद थे।**

कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगर पालिका अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि कहीं भी पेयजल के संकट की शिकायत आ रही है तो तत्काल उसका निराकरण करेंगे।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक, जिला नागरिक आपूर्ति अधिकारी एवं जिला विक्रय कर अधिकारी को निर्देश दिए हुए वे किसानों को जागरूक करें कि वह साफ सुथरा एवं एफएक्यू स्तर का गेहूं ही उपार्जन केंद्रों तक लाए। कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष एफसीआई को गेहूं का परिदान करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह एफसीआई के अधिकारियों को भी गेहूं की क्वालिटी दिखाएं। एफसीआई को गेहूं परिदान करने के लिए कलेक्टर ने सिवनी मालवा एवं इटारसी के एसडीएम को विशेष कार्य योजना बनाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए की यदि कोई वेयरहाउस पर उपार्जन केंद्र चालू नहीं कर रहा है तो ऐसे वेयरहाउस को निरस्त करने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए की गेहूं उपार्जन एवं चना उपार्जन की टीम सुव्यवस्थित एवं बेहतरीन रूप से कार्य करें, और प्रतिदिन गेहूं उपार्जन की मॉनिटरिंग करें। बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री वी के जैन ने बताया कि नर्मदापुरम एवं हरदा में मूंग सिंचाई के लिए पानी छोड़ा गया है। मूंग सिंचाई के लिए 60 से 70 दिन तक पानी दिया जाएगा। कई बार बारिश होने से पानी की डिमांड कम आती है मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के अधीक्षण यंत्री ने बताया कि जैसे ही खराब या बंद पड़े ट्रांसफार्मर की जानकारी आती है वैसे ही उन्हें बदला जाता है। सिवनी मालवा एवं बनखेड़ी में विद्युत का ओवरलोड होने के चलते कई बार कठिनाई आती है वर्तमान में मूंग की खेती के लिए भी विद्युत सप्लाई हो रही है, इससे भी ओवरलोड की स्थिति बनती है। पेयजल सप्लाई में भी ओवरलोड बढ़ जाता है। वर्तमान में शेड्यूल के हिसाब से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत सप्लाई की जा रही है।

# बीसीजी टीकाकरण में सहभागी बने और जागरूकता लाएं

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**

टीबी उन्मूलन मिशन की सफलता के लिए जनभागीदारी महत्वपूर्ण है। सभी पात्र नागरिकों से वयस्क बीसीजी टीकाकरण में सहभागी बनने और जागरूकता लाने में सहयोग करने की अपील की है। नागरिकों की सहभागिता, स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता, स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से वर्ष 2025 तक प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने में हम सफल होंगे। वयस्क बीसीजी टीकाकरण किया जा रहा है। नागरिकों का टीबी विन पोर्टल में पंजीयन किया जा चुका है। ऐसे व्यक्ति जो टीबी के मरीज़ रहे हैं, टीबी मरीज़ों के संपर्क व्यक्ति, अति कुपोषित वयस्क, डायबिटीज से ग्रसित वयस्क, 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति और धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों का अभियान के अंतर्गत टीकाकरण किया जायेगा।

# नपा ने कम मतदान वाले बूथों पर जागरुकता का दिया संदेश



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत नर्मदापुरम जिले में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी तारतम्य में आज 06 अप्रैल 2024 को नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम द्वारा नर्मदापुरम नगर के मालाखेड़ी क्षेत्र स्थित बूथ क्रमांक 77, 78, 79 में गृह भेंट कर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, साथ ही नागरिकों को 26 अप्रैल 2024 को मतदान दिवस के दिन मतदान करने एवं मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया और बताया वोट आपकी शक्ति है एवं इसका उपयोग आपका अधिकार है बताया गया।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा बताया गया है कि जिन बूथों में कम मतदान विगत समय हुआ था उनको चिन्हित कर उनमें विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। मतदाता जागरूकता रैली में मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा, यश दुबे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

# चार आदतन अपराधियों पर जिला बदर की कार्यवाही

**विदिशा ।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री बुद्धेश कुमार बैद्य ने जिले के चार आदतन अपराधियों को एक-एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश पारित किये हैं। इन आदतन अपराधियों द्वारा गंभीर अपराध घटित करने जैसे लोगों के साथ मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, हत्या अडीबाजी, बलवा जैसे जघन्य सामाजिक अपराध घटित कर माहौल खराब कर आमजनों को परेशान करने के कारण, पुलिस अधीक्षक विदिशा के प्रतिवेदन एवं सुनवाई, पक्ष समर्थन पश्चात मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के अधीन एक-एक वर्ष की कालावधि के लिए जिला विदिशा एवं सीमावर्ती जिले, रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर एवं राजगढ की राजस्व सीमाओं से अनावेदक नितिन सरवैया पुत्र दिनेश सरवैया निवासी बांसकुली कस्वा विदिशा, थाना कोतवाली विदिशा, अरविन्द पुत्र बैजनाथ गुर्जर निवासी ग्राम सिरवदा थाना देहात गंजबासौदा, संतोष पुत्र शंकरलाल अहिरवार निवासी ग्राम बीरवाई थाना हैदरगढ, भारत कुचबंदियां पुत्र महेश कुचबंदिया निवासी शेरपुरा टीला थाना सिविल लाईन विदिशा को एक-एक वर्ष की कालावधि के लिए जिला बदर निष्कासन के आदेश जारी कर दिए गए हैं। आदेश में उल्लेखित किया गया है कि उक्त अनोवदक एक वर्ष तक की कालावधि के लिए जिला बदर निष्कासन के दौरान विदिशा एवं सीमावर्ती जिले , रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर एवं राजगढ की राजस्व सीमाओं में भी नही रह सकेगें।

**मेट्रो एंकर** | प्रतिदिन समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित समाचार एवं विज्ञापन की जानकारी ली..

# व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी सेल का किया निरीक्षण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्रीमती मीना कुमारी मीना ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में स्थापित मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग सेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने प्रतिदिन टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे समाचार, विज्ञापन एवं प्रतिदिन समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रहे हैं समाचार एवं विज्ञापन तथा सोशल मीडिया पर की जा रही राजनीतिक पोस्ट की जानकारी ली एवं जिला स्तरीय एमसीएमसी द्वारा की जा रही कार्रवाई का अवलोकन किया।



मॉनिटरिंग सेल में मौजूद सहायक नोडल अधिकारी रश्मि देशमुख ने व्यय प्रेक्षक को अवगत कराया कि मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग सेल द्वारा 24 घंटे प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रतिदिन प्रकाशित एवं प्रसारित हो रही खबरों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। इसके लिए तीन पाली में 14 अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जो प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर रहे हैं। प्रतिदिन प्रकाशित होने वाली खबरों को इंद्राज किया जा रहा है।

मॉनिटरिंग सेल के दल प्रभारी डॉ बी.एस. आर्य ने बताया कि प्रतिदिन प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित अभ्यर्थी एवं राजनीतिक दलों से संबंधित प्रकाशित खबरों की पेपर कटिंग निकाल जा रही है और इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। इस तरह टेलीविजन पर विभिन्न चैनलों की मॉनिटरिंग की जा रही है। वर्तमान में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया में कोई भी समाचार एवं विज्ञापन अभ्यर्थी से संबंधित नहीं है जो पेड न्यूज की कैटेगरी में आ सके। सोशल मीडिया के प्रभारी शैलेंद्र शुक्ला एवं विशाल सक्सेना ने बताया कि प्रतिदिन इंस्टाग्राम फेसबुक ट्विटर और युटुयूब तथा विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों का बारीकी से अध्ययन किया जा रहा है और इसमें प्रसारित होने वाले अभ्यर्थी एवं राजनीतिक दलों की खबरों पर विशेष नजर रखी जा रही है। अभी तक कोई भी संदिग्ध प्रकरण नहीं पाया गया है। व्यय प्रेक्षक श्रीमती मीना ने एमसीएमसी कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया एवं मौजूद अधिकारी एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की।

इस दौरान दल प्रभारी डॉ बीएस आर्य, सहायक नोडल सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल विशाल सक्सेना, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल प्रभारी शैलेन्द्र शुक्ला, आदि उपस्थित रहे।

# जगह-जगह चल रहे वाटर प्लांट, आरओ के नाम पर बेच रहे साधारण पानी, शुद्ध पेयजल के नाम पर सेहत से खिलवाड़

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



नगर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र भी गर्मी के इस मौसम में जल संकट से जूझ रहा है, आरओ का घधा जोरों पर है. लेकिन हरा पेयजल में कितनी शुद्धता है. कहां से, किस प्रोसेस के बाद यह पानी आ रहा है, इसकी पड़ताल करने चाला कोई नहीं है। यही कारण है कि कई जगह आरओ वाटर प्लटि संचालका मनमाने तरीके से कई दर्जनों प्लान चल रहे हैं जिसमें कुछ नगरपालिका नल कनेक्शन से है तो कुछ बोरिंग का पानी पिला रहे हैं हाल के नगर जल संकट से गुजर रहा है और इनका धंधा जोरों पर है अपने मनमाने दामों पर पानी बिक्री हो रही है वही आरओ नाम सादा पानी तक सप्लाई कर रहे हैं, जिससे लोगों की सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। मगर के गली-मोहल्लों में जगह- जगह संचालित हो रहे वाटर प्लांटी पर नियमों को ताक पर रखकर जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कई वाटर प्लांट संचालकों द्वारा सिर्फपानी को ठंडा कर शासकीय एवं प्राइवेट वफ्तों में शादी पार्टी एवं अन्य कार्यक्रमों सहित घर दुकानों में सप्लाई किया जा रहा है। वहीं कई स्थानों पर पानी जगह-जगह आरओं का चिल्ला फ्नी कलाई हो रहा है। खपत बढ़ रही है की बोतलें और पाउच तैयार कर मोटे वामों में बेचे जा रहे हैं। पानी के पाउच पैक करके बड़ी मात्रा में परिवहन भी किए जा रहे हैं। पानी की बोतलों और पातच पर एक्सपायरी डेट तक अंकित नहीं की जाती, जिससे उपभोक्ताओं को पता चल सके कि यह पानी कब तक पीने योग्य है। हालात तो यह है कि गमर्मी के मौसम में पानी की खपत बढ़ जाती है जिसके चलते वाटर प्लांट संचालकों द्वारा शहर में पानी की पूर्ति करने के लिए अपने प्लांट से मार्केट के अंदर अस्थाई टंकियों से पानी भरकर लाते हैं और 20-20 लीटर के कैम्पर में पानी भरकर जगह-जगह सप्लाई कर दी जाती है। कई बार पानी के इन कैम्परों में बदबू और कई बार कचरा भी मिलता है. लेकिन उपभोक्ताओं को चूना लगाते हुए आरओ वाटर के नाम पर सादा और अशुद्ध पानी की भी आपूर्ति बेधड़क होकर की जा रही है। इससे लोगों की सेहत पर कभी भी उल्टा असर पड़ सकता है। अधिकांशलोगों को पता ही नहीं है कि जो अपनी सेहत की बेहतरी के लिए आरओ का पानी समझकर खरीदकर पानी से रहे हैं, यह आरओ का नहीं बतिया सादा पानी है और उसको कई दिन तक रखे साने से अशुद्धता भी यह रही है, जिससे लोगों की सेहत पर विपरीत असर पड़ सकता है।

## नहीं होती कहीं कोई जांच, नगरपालिका भी नहीं करती राजस्व वसूल

**लोगों का आरोप सांठगांठ से चल रहा कारोबार :** सूत्रों के मुताबिक काई पाटर प्लांट पर स्थानीय प्रशासन की अनुमति के बिना ही बोरिंग कराए गए हैं। कई जगह इन प्लांटी पर नगरपालिका घरेलू नल कनेक्शन से ही इन कैम्मान में पानी भरा जा रहा है। वहीं रोजाना अपने मनमाने दामों पर लाखों लीटर यही पानी बेचा जा रहा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा इन प्लांटों की कमी कोई पड़ताल नहीं कर सका है। लोगों का कहना है कि नगर पालिका अधिकारियों की मिलीभगत से यह सारा गौरखधंधा चल रहा है। राभी ती इन आरओ वाटर प्लांटों की कभी जांच तक नहीं की जाती एवं औषधि विभाग द्वारा बोतलबंद पानी एवं पानी के पाउच बनाने के लिए लाइसेंस जारी किए जाते है। संबंधित विभाग द्वारा लाइसेंस ती जारी कर दिए गए लेकिन वाटर प्लांटों का आज तक निरीक्षण नहीं किया वहीं खाद्य औषधि विभाग के अंतर्गत आते हैं यह पानी प्लांट लेकिन खाद और शुद्ध विभाग कभी जांच नहीं करता जिससे लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है हालांकि अधिकारी आते हैं और दो-चार दुकान जांच कर औपचारिकता कर वापस चले जाते हैं पानी के प्लांट ऊपर इनका रुझान नहीं रहता पिछली बार जागरूक नागरिक द्वारा इस संबंध में शिकायत की गई थी जिसके बाद टीम जांच करने पहुंची शिकायतकर्ता और प्लाट मालिक के बीच विवाद होने के बाद मामला ठंडा हो गया हालांकि जिस प्लांट पर जांच करने गई थी वह नगर पालिका में अधिकारी थे वही इस संबंध में खाद्य औषधि विभाग से संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन ही नहीं उठाया।

**इनका कहना है...**

नगरी क्षेत्र में कितने प्लांट संचालित हो रहे हैं उसके लिए हम टीम गठित कर निरीक्षण करेगी जो अवैध रूप से कनेक्शन लिए हुए उनको काटे जाएंगे और कितने दर्ज हैं नगर पालिका में उसकी हम जांच कर रहेंगे अभी संज्ञान में आया है।

**- पवन शर्मा,**
सीएमओ नगर पालिका

### पूर्व में हुई आगजनी की घटना के बावजूद भी प्रशासन ने नहीं ली कोई सीख

**बेखौफ वेयरहाउस संचालक**

# समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर भूसे का अवैध भंडारण, हादसे का खतरा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



तहसील के कई वेयरहाउस जो इस समय शासकीय समर्थन मूल्य केंद्र बन चुके हैं उन पर वेयरहाउस संचालकों की मनमानी के चलते अवैध भूसा का भंडारण किया जा रहा है। बावजूद इसके स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी हाथ पैर हाथ रखे बैठे हुए हैं। ज्ञात हो कि विगत वर्ष पूर्व एक वेयरहाउस के पास रखे भूसा के भंडारण में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई थी। जिले भर से आई फायर ब्रिगेड मशीनों से भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। तब जाकर बीना रिफाइनरी से फायर ब्रिगेड बुलाकर केमिकल युक्त गैस एवं पानी की बौछारों से आग पर काबू करने का प्रयास हुआ था तब जाकर कुछ हद तक आग पर काबू पाया जा सका था। स्थानीय लोग बताते हैं कि भूसा में लगी इस आग को बुझाने में 24 घंटे से अधिक का समय लगा था। बावजूद इसके अधिकारी समझने को तैयार नहीं है या फिर उनकी ही मिली भगत से इस तरह के अवैध भंडारण को अंजाम दिया ज रहा है। जब की स्थानीय एसडीएम हर्षल चौधरी ने विगत दिनों पूर्व इन वेयरहाउस संचालकों को जल्द से जल्द वेयरहाउस के आसपास से भूसे के भंडारण को हटाने के निर्देश दिए थे। लेकिन एसडीएम का यह नर्देश भी इन राजनीतिक संरक्षण प्राप्त वेयरहाउस मालिकों पर कोई असर नहीं दिख रहा है। यही कारण है कि यह लोग अपनी मनमर्जी से उपार्जन केंद्रों के समीप ही भूसे का भंडारण कर रहे हैं। उपार्जन केंद्रों पर इस समय क्षेत्र के किस बड़ी संख्या में अनाज लेकर तुलाई के लिए पहुंच रहे हैं। लेकिन किसान अनाज के साथ स्वयं को भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं क्योंकि इन केन्द्रों कब कोई बड़ी आग जनी की घटना घटित हो जाए। क्षेत्र के किसान शिवराज सिंह, मनोज कुमार, संजीव दांगी आदि का कहना है कि यदि आगजनी की घटना होती है तो जान माल के नुकसान का जिम्मेदार कौन होगा। बार-बार स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद भी भूसा के इस अवैध भंडारण पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। क्षेत्र के बासोदा रोड पर अनाज वेयरहाउस पर भूषा का भंडारण कई महीनों से लगातार जारी है। ऐसे ही पथरिया क्षेत्र के सियालपुर खरीदी केंद्र स्थित मां अन्नपूर्णा वेयरहाउस पर भूसा का भंडारण एवं अनाज की खरीदी एक साथ हो रही है। फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों को दिखाई नहीं पड़ रहा है।

**शहर से सटे रहवासी इलाके में भी भूसे का भंडारण**

शहर के बासौदा नाका के समीप आवासीय क्षेत्र मे भूसे का कारोबार वर्षो से लगातार चल रहा है। यहां चारों तरफ भूसा ही भूसा नजर आ रहा है जबकि आसपास सैकड़ो लोगों के मकान बने हैं। जिसमें बड़ी संख्या में लोग यहां निवासरत हैं। स्थानीय लोगो ने बताया कि इस भीषण गर्मी में हरदम हादसे का डर सताता रहता है कब क्या बड़ी घटना हो जाए इसकी हमेशा चिंता सताती रहती है। इस भूसा फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर भूसे के टाल लगे हुए हैं। एक चिंगारी कई घरों को तबाह कर सकती है। स्थानीय प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को समय रहते इस भूसा फैक्ट्री को रहवासी इलाके से दूर कर देना चाहिए। जिससे आवागमन भी प्रभावित नहीं होगा भूसा फैक्ट्री आवासीय क्षेत्र में होने के कारण आए दिन बड़े-बड़े भूसा के ट्राला नगर के लिंक रोड बासौदा नाका से गुजरते हैं जिससे कई बार लंबे जाम की स्थिति बनती है।

**बारूद से कम नहीं खरीदी केंद्रों के पास लगे भूसे के ढेर**

एक तरफजहां इस भारी भीषण गर्मी में आए दिन आगजनी की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। तो दूसरी ओर खरीदी केंद्रों पर गेहूं खरीदी से पहले वेयरहाउसों के आसपास जिम्मेदारों ने सुरक्षा इंतजामों को ताक पर रखकर भूसे के बड़े-बड़े ढेर लगा रखे हैं। जहां बड़े स्तर पर भूसा का एकत्रीकरण किया गया है। वहीं अब किसान अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं लेकिन भूसा के बड़े टाल देखकर किसान माथा पड़कर रह जाते हैं और बस एक ही सवाल दिमांग में होता है इसे खरीदी केंद्र से दूर रखना था कहीं कोई घटना ना हो जाए लेकिन यह सब विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को शायद नहीं दिखाई देता। क्षेत्र के अधिकांश वेयरहाउस पर बड़े स्तर पर भूसे के बड़े-बड़े टाल खूब दिखाई दे रहे हैं।

**आगजनी से निपटने के लिए नहीं है कोई इंतजाम -**

क्षेत्र के किसी भी खरीदी केन्द्र केंद्र पर आगजनी की घटना से बचने के लिए प्रशासन एवं स्थानीय उपार्जन केंद्र संचालक द्वारा किसी तरह की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। बल्कि केंद्रो के पास लगे भूसा के यह बड़े-बड़े टाल बड़ी घटनाओं को अंजाम देने की तैयारी जरूर कर रहे हैं। लेकिन इससे निपटने के लिए क्षेत्र के स्थानीय अधिकारी मुकदर्शक वन तमाशा जरूर देख रहे हैं, या फिर इन लोगों की मिली भगत के चलते ही यह सब खुलेआम हो रहा है। एक ही परिसर में अनाज की तुलाई एवं भूसे का भंडारण इतनी बड़ी लापरवाही के बावजूद अधिकारी वेवस नजर आ रहे हैं। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि यह लोग राजनीतिक प्रभावसाली है जिससे अधिकारी चुपचाप किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हों।

**इनका कहना है**

हमने निर्देश जारी कर दिया है, यदि अभी भी वेयरहाउसों के आसपास से भूसा नहीं हटाया गया है, तो इन खरीदी केन्द्रों पर संबंधित विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई करवाई जाएगी।

**- हर्षल चौधरी,** एसडीएम सिरोंज

# शिक्षा विभाग की नीति के कारण 29 बच्चों का भविष्य अंधकार में

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

किस तरह से सरकार की शिथिलता का फायदा उठाकर अधिकांश प्राइवेट स्कूल संचालक बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इनकी मनमानी पर लगाम लगाने की जगह पर शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अपनी व्यवस्था का रोना रो रहे हैं। इस वजह से 29 बच्चों का भविष्य इस समय अंधकार में दिखाई दे रहा है बच्चे तथा इनके माता-पिता दर-दर भटकर न्याय की गुहार लग रहा है। पर इनको न्याय कहीं से मिलता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। शनिवार को विधायक उमाकांत शर्मा के नाम कार्यालय में आवेदन देते हुए कहा कि नगर की जिनोदय स्कूल में हमारे बच्चे पढ़ाई करते थे पर स्कूल को बंद कर दिया है। कृष्ण चंद्र पटेल ने बताया हम लोगों को पहले से कोई जानकारी नहीं दी गई। पास में ही दूसरे नाम से नया स्कूल खुल गया है। इसमें प्राइवेट बच्चों को तो ले लिया पर निःशुल्क शिक्षा के अधिकार के तहत के हमारे बच्चों को किसी भी प्राइवेट स्कूल में प्रवेश नहीं दिलवाया जा रहा है यहां पर सीट फुल होने का कह दिया। इस वजह इन बच्चों का भविष्य प्रभावित होता हुआ दिखाई दे रहा है एक तर्पण के हाथ में टच है दूसरी ओर प्राइवेट स्कूल में इनको एडमिशन नहीं मिल पा रहा है। समय रहते स्कूल बंद होने की जानकारी मिल जाती तो हम दूसरे स्कूलों में इनका प्रवेश कर सकते थे पर अब वहां भी नहीं कर पा रहा है,शिक्षा विभाग के जिम्मेदारी भी कोई कदम नहीं उठा रहे हैं। इस वजह से हमारी चिंताएं बड़ी हुई है बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इनका प्रवेश सरकारी स्कूल में करने की मांग विधायक से की है।

**इनका कहना है**

हम कुछ नहीं कर सकते हम इनकी कोई सहायता नहीं कर सकते हैं इन्हें सरकारी स्कूल में ही एडमिशन लेना होगा प्राइवेट स्कूल पर इन बच्चों को प्रवेश के लिए हम प्राइवेट स्कूल को बाध्य में नहीं कर सकते बच्चों के साथ जरूर गलत हुआ है। इनका प्रवेश होना चाहिए पर नीति के आगे हम कुछ नहीं कर पा रहे।

**- पीआ लखारे,** डीपीसी

यदि ऐसी बात है तो मैं इसकी पूरी जांच करवाता हूं वीईओ से भी रिपोर्ट लेता हूं जो हो सकेगा हम वहां सहायता करेंगे।

**- रामकुमार ठाकुर,**
जिला शिक्षा अधिकारी

### फाग लोकोत्सव में छाई बृजमंडल की लोक संस्कृति

# भक्तों के साथ भगवान राधाकृष्ण ने खेली फूलों की होली



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

महामाई के दरबार मे शनिवार को बृज की फूलों की ओर लट्ठमार होली की धूम रही। फाग लोकोत्सव में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में यहां बृज का महारास सहित अनेक नृत्य नाटिकाओं ओर भजनों का आनंद श्रद्धालुओं ने जमकर लूटा। कार्यक्रम के दौरान भगवान बाँके बिहारी का सजीव रूप का चित्रण श्रद्धा का केंद्र रहा।

चैत्र नवरात्रि के पूर्व मां महामाई के आँगन में फोग लोकोत्सव समिति के तत्वाधान में पाँच दिवसीय फाग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है शनिवार को आयोजन का तीसरा दिन था जिसमे उत्तरप्रदेश के बृज मंडल की लोककला एवं लोक नृत्य का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के शुरुआत में मथुरा वृंदावन से आई संतालवन म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार हरिशंकर शर्मा एवं अंकुर शर्मा ने बृज के भगवान कृष्ण के सुमधुर संगीतमय भजनों का रसपान श्रद्धालुओं को कराया। इसके उपरांत दल में शामिल भगवान राधाकृष्ण ओर उनकी सखियों ने अँगना रास रचाओ रे सखियो गीत से प्रारम्भ कर नृत्य नाटिकाओं की एक से बढ़कर एक मनभावन प्रस्तुतियां दी। बाँके बिहारी की एक छटा मेरो मन रह गयो लता पता गीत पर मयूर नृत्य एवं समापन पर भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी ने समिति के सदस्यों एवं मौजूद श्रद्धालुओं के संग करीब एक कुंटल फूलों की पंखुड़ियों से बृज की प्रसिद्ध फूलों की होली तथा लट्ठमार होली खेली। भगवान कृष्ण सुदामा के अभिन्न मित्रता प्रेम को प्रदर्शित करते हुए अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो भजन पर सुंदरनृत्य नाटिका से भी श्रद्धालु भक्ति प्रेम के रस में डूबे दिखाई दीए। फाग लोकोत्सव के तीसरे दिन समिति के सदस्यों द्वारा ब्रजमण्डल से महामाई के दरबार मे पहुंचे सभी कलाकारों का स्वागत सम्मान भी किया गया।

**भगवान बांके बिहारी की झांकी रही आकर्षण का केंद्र:** फाग लोकोत्सव कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को बृज के देवदर्शन और लोक संस्कृति का भक्तिमय आंनद मिला। संगीत दल द्वारा सनातन संस्कृति में जन जन की आस्था के केंद्र भगवान बांके बिहारी की सजीव झांकी की आकर्षक प्रस्तुति दी गई थी।

# भाजपा ने बूथ केंद्रों पर मनाया स्थापना दिवस



**सिरोंज।** शनिवार को नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा बूथ स्तर पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। विधायक उमाकांत शर्मा मतदान केंद्र 175 देवपुर पहुंचे पार्टी की प्रेरणा स्रोत पंडित दीनदयाल, श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। श्री शर्मा ने स्थापना दिवस पर पार्टी के बारे में बताते हुए कहा 6 अप्रैल 1980 को जनसंघ के बाद भारतीय जनता पार्टी अस्तित्व में आई थी आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है 400 पार का जो लक्ष्य पार्टी ने तय किया है सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर उसको पूर्ण करना है। सभी अपने-अपने बूथ केंद्र को मजबूत करें 370 प्लस का संकल्प भी दिलाते हुए कहा लोकसभा चुनाव में मुझसे अधिक वोटो से भाजपा प्रत्याशी को विजय बनाना है विस्तार से उन्होंने पार्टी के बारे में बताया।

## 35 वर्षीय महिला की मिली लाश

**सिरोंज।** मुगलसराय थाना अंतर्गत ग्राम अजीमाबाद और पकली के बीच में यादव समाज के व्यक्ति के खेत के कुएं की मिट्टी में लगभग 35 वर्षीय महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि किसान अपने खेत पर कुआ देखने गया था तो तभी उसे मिट्टी के ढेर में लाश दिखाई तो उसने पुलिस को सूचना दी वहीं महिला मृत महिला की पहचान नहीं हो पाई है। मर्ग कायम करके मामले को जांच में लिया है रविवार को मृतक महिला का पीएम शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय सिरोंज में होगा। कुछ दिन पुरानी लाश प्रतीत हो रही है चेहरे पर भी चोट के निशान दिख रहे हैं।

**मेट्रो एंकर**

### विभिन्न मदों से कराए निर्माण कार्यों की हो जांच तो कई मामले होंगे उजागर

# ग्राम पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत ग्रामीणों ने अधिकारियों से की, लेकिन अब नहीं हुई कार्रवाई

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**







जनपद पंचायत गंज बासौदा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बारोद के ग्रामीणों ने जनपद पंचायत में उपस्थित हो कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी को एक लिखित शिकायत प्रस्तुत करके ग्राम पंचायत द्वारा कराये गये निर्माण कार्यों एवं कार्यों के नाम पर फर्जी तरीके से जो राशि निकाली गई। उसकी निष्पक्षता से जांच करा कर दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई करने कि मांग की गई है, ग्रामीणों ने अपनी शिकायती आवेदन बेहद गंभीर आरोप लगाते हुऐ बताया हैं कि ग्राम पंचायत द्वारा गोचर का निर्माण नहीं हुआ लेकिन राशि का अहारण कर लिया गया,वसुधा बंधन, अमृत वाटिका तालाब,के पास, कूप का निर्माण भूरा पिता वंशी हरिजन किया गया है। खेल मैदान का जो निर्माण कार्य किया गया है उससे ज्यादा राशि का अहारण किया गया है। निर्मल नील गौशाला के पास मनरेगा से होना था, उसे जेसीबी मशीन से किया गया एवं पेड़ों को काट दिया गया है। शांति धाम आदिवासी टपरों पर जिस शांति धाम का निर्माण किया जा रहा है उसके खसरा अक्स किसी अन्य जगह का लगाकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में फेर-बदल कर रोजगार सहायक के द्वारा अपने आंगन में निर्माण कर लिया गया है,ग्राम बारोद में शौचालय निर्माण के दौरान एक शौचालय पर दो से तीन शौचालय की राशि निकाली गई है। ग्राम पंचायत में जो जॉब कार्ड है उनकी जांच कराई जाये, क्योंकि उनका फर्जी तरीके से उपयोग किया जा रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा आंगनबाड़ी भवनों के मरम्मत का कार्य किया गया है उसकी भी जांच कराई जाये। गौशाला का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है लेकिन उसमें पानी की व्यवस्था नहीं है ऐसा ग्रामीणों का कहना है कि गौशाला में पानी की क्या व्यवस्था है और किस तरह से पानी की व्यवस्था है कूप निर्माण या नलकूप क्योंकि अभी जो पानी की व्यवस्था है उसी से आदीवासी टपरों पर पानी की व्यवस्था की जाती और ट्यूब बेल बोर्ड लगा हुआ जहां से गौशाला के लिये पानी की व्यवस्था की जा रही है। जबकि गौशाला में भी पानी की व्यवस्था अलग से होना चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं होने से ग्रामीणों में भारी रोस व्याप्त है।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# लीड रोल ना मिलने पर एक्टर शरद केलकर का छलका दर्द




छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक एक्टर शरद केलकर अपनी एक्टिंग और आवाज से इंडस्ट्री में अपना दमखम दिखा चुके हैं. एक्टर आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं. एक्टिंग की बात हो या वॉयस ओवर की, शरद केलकर की हर जगह डिमांड है. किरदार बड़ा हो या छोटा शरद केलकर परवाह किए बिना हमेशा चमकने में कामयाब रहे हैं. शरद केलकर ने भले ही फिल्मों अब तक लीड रोल्स ना निभाए हो लेकिन साइड रोल्स के जरिए भी एक्टर को दर्शकों का प्यार खूब मिला है. लेकिन हाल ही में शरद ने कहा है कि वह अब पर्दे पर बड़े रोल्स करना चाहते हैं. एक्टर ने एक इंटरव्यू में बात करते हुए कहा कि 'इंडियन पुलिस फोर्स' में नजर आने के बाद अब उन्हें लगता है कि निर्माताओं को उन्हें बड़े रोल्स देने चाहिए. एक्टर ने कहा- ऐसे बहुत से अभिनेता हैं जो मुझसे बेहतर हो सकते हैं और बेहतर काम कर सकते हैं. लेकिन भाग्य भी काम आता है. मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे वे भूमिकाएं मिलीं. भले ही वह किरदार लंबाई में छोटे थे... मुझे नहीं पता कि इंडस्ट्री क्यों नहीं समझती. मुझे नहीं पता कि उन्हें मुझे बड़ी, बेहतर किरदार देने से कौन रोक रहा है।

### मुझे इसके पीछे का कारण नहीं पता

इंडस्ट्री में रोल्स के बारे में बात करते हुए आगे शरद बोले- मुझे इसके पीछे का कारण नहीं पता, मैं एक बहुत ही पॉजिटिव इंसान हूं, मैं बस अपनी बारी का इंतजार कर रहा हूं. मैं ये नहीं कहता कि मैं बहुत अच्छा एक्टर हूं, लेकिन मैं बहुत मेहनती हूं और खुद पर विश्वास करता हूं. मैं कभी हार नहीं मानता, मेरा यही रवैया है. मैं उस दिन का इंतजार कर रहा हूं जब लोग मुझ पर विश्वास करेंगे. बता दें कि शरद केलकर ने अपने करियर की शुरुआत ग्वालियर में बतौर जिम इंस्ट्रक्टर की थी. इसके बाद एक्टर ने दूरदर्शन के सीरियल 'आक्रोश' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी. इसके बाद उन्होंने कई सीरियल में अपनी अदाकारी का दम दिखाया. इस लिस्ट में 'सीआईडी', 'उतरन' और 'रात होने को है' जैसे सीरियल शामिल हैं।

## 'हीरामंडी' में नजर आएंगे फरदीन खान, फर्स्ट लुक आया सामने



संजय लीला भंसाली की बहुप्रतीक्षित सीरीज 'हीरामंडी' का इंतजार प्रशंसक लंबे समय से है। कुछ-कुछ दिनों के अंतराल पर इस सीरीज के बारे में फैंस को नई जानकारी दी जा रही है। जब से इस वेब सीरीज का पहला लुक टीजर और गाना सामने आया है, तब से प्रशंसकों का उत्सुकता कई गुना बढ़ गया है। इस सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा से लेकर मनीषा कोइराला तक जैसी प्रतिभाशाली अभिनेत्रियां अपने अभिनय का जलवा बिखेरती दिखाई देंगी। अब सीरीज से फरदीन खान का लुक भी सामने आया है, जो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। 'हीरामंडी' से फरदीन खान का लुक दर्शकों की खूब सराहना बटोर रहा है। इस लुक में फरदीन वली मोहम्मद की भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा अभिनेता काफी दिनों के बाद नवाबी लुक में नजर आ रहे हैं। नेटफ्लिक्स ने अभिनेता का लुक साझा करते हुए लिखा, प्यार और कर्तव्य के बवंडर संघर्ष में फंसे, वली मोहम्मद अपनी शाही जिम्मेदारियों के साथ अपने दिल की इच्छा को समेटने का प्रयास करते हैं।

### वली मोहम्मद के किरदार में नजर आए अभिनेता


फरदीन खान ने वली मोहम्मद के रूप में स्क्रीन पर अपनी शानदार वापसी की है और फैंस एक बार फिर अभिनेता को लंबे समय के बाद पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित हैं। हालांकि, फरदीन के लुक के बाद एक बार फिर बॉलीवुड गलियारों में हीरामंडी की चर्चा तेज हो गई है। संजय सीरीज से हर नए लुक को जारी करने के बाद फैंस को और अधिक उत्साहित कर देते हैं। हीरामंडी का प्रीमियर 1 मई को नेटफ्लिक्स पर होगा। यह संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज है। प्रीमियर की तारीख की घोषणा मुंबई के महालक्ष्मी रेस कोर्स में एक ड्रोन लाइट शो के दौरान हुई थी। फिल्म में अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल आदि कलाकार हैं।

## सुशांत के घर में रहती है अदा शर्मा ने कहा 'वो एक ऐसे एक्टर हैं जिनके प्रति मेरे मन में बहुत इज्जत है'



अदा शर्मा ने हाल ही में सिद्धार्थ कनन को एक इंटरव्यू दिया है. इस दौरान अदा सुशांत सिंह राजपुत के घर को खरीदने को लेकर भी बात की है और बताया है क्या सच अदा अब सुशांत के घर में रहती हैं? बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा फिल्म 'केरल स्टोरी' के बाद से चर्चा में बनी रहती हैं. उन्हें अक्सर ही किसी न किसी के बारे में बात करते हुए देखा जाता है. कुछ समय पहले अदा शर्मा दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपुत के घर के नीचे स्पॉट हुई थीं, जिसके बाद ये कयास लगाए जा रहे थे कि एक्ट्रेस ने सुशांत का घर खरीद लिया है. हालांकि इसको लेकर कोई भी ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई थी. वहीं अब अदा ने इस खबर पर चुप्पी तोड़ते हुए इसकी सच्चाई बताई है. इस बातचीत में अदा शर्मा ने बताया कि- मैं बस इतना कहना चाहूंगी कि मैं करोड़ों लोगों के दिल में रहती हूं. मैं इसको लेकर बात करूंगी लेकिन अभी नहीं सही मौका आने पर. इस पर सिद्धार्थ कनन ने फिर से एक्ट्रेस से सुशांत के अपार्टमेंट के बारे में पूछा. जिस पर एक्ट्रेस ने जवाब दिया कि- हर चीज का बोलने का एक सही टाइम होता है. मैं जब वो जगह देखने गई थी तो मुझे मीडिया ने काफी अटेंशन दिया था. मैं एक प्राइवेट पर्सन हूं और फिल्मों के अलावा अपनी बाकी चीजों को प्राइवेट रखना ही पंसद करती हूं. अदा ने आगे सुशांत सिंह राजपूत को लेकर भी बात की. एक्ट्रेस ने कहा उन्हें काफी बुरा लगता है जब कोई ऐसे इंसान के बारे में बुरा कहता है जो अब इस दुनिया में भी नहीं है. एक्ट्रेस ने कहा कि- वो एक ऐसे एक्टर हैं जिनके प्रति मेरे मन में बहुत इज्जत है. जब मेरे उनके घर जाने की खबर आई थी तब मैंने कुछ कमेंट्स पढ़े थे जिसमें लोग उनके बारे में बुरा-भला कह रहे थे. तब मुझे बहुत बुरा लगा था. आप मुझे ट्रोल कर सकते हैं लेकिन एक ऐसे इंसान के बारें में तो बुरा नहीं बोले जो अब इस दुनिया में भी नहीं है।

## नोरा फतेही का छलका दर्द, बोलीं- 'अंडे और ब्रेड खाकर गुजारे थे स्ट्रगल वाले दिन....



नोरा फतेही ने अपने शुरुआती दिनों को याद किया जब उन्होंने मुंबई में नौ लड़कियों के साथ एक फ्लैट शेयर किया था। नोरा ने बताया कि कैसे उन्होंने वो टाइम काटा था। नोरा बॉलीवुड में एक दशक से ज्यादा वक्त गुजार चुकी है। नोरा फतेही ने अपने जबरदस्त डांस स्किल के कारण इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई है। हालांकि एक्ट्रेस जब भारत आई थीं तो उनके लिए चीजें चुनौतियों से भरी थी। नोरा अक्सर अपने स्ट्रगल के बारे में चर्चा करती हैं। नोरा ने शुरुआती दिनों की बात बताते हुए शेयर किया कि जब वो भारत आई थी तो उनके पास सिर्फ 5000 रूपए थे। उन्हें यह भी नहीं पता था कि 1000 डॉलर क्या होता है। नोरा फतेही ने मुंबई के एक अपार्टमेंट में नौ लड़कियों के साथ रहने के अनुभव को 卐दर्दनाक卐 बताया। उन्होंने कहा कि मैं तीन बीएचके फ्लैट में नौ लड़कियों के साथ रहती थी। वहां रहने के दौरान, मैं सोचती थी, 'क्या मैंने खुद को फंसा लिया है?' मैं अब भी सदमे में हूं.। 32 साल की एक्ट्रेस ने उन एजेंसियों के साथ रफ एक्सपीरियंस卐 के बारे में भी बात की, जो उन्हें बहुत कम पैसे देती थीं। नोरा ने कहा एजेंसी बहुत सारा पैसा काट लेती थी और मुझे बहुत कम वेतन देती थी। मैंने एक अंडे और ब्रेड पर सर्वाइव किया।

### एमआई ने डीसी के खिलाफ 55 फीसदी मुकाबले जीते

# आईपीएल में आज पहला मैच मुंबई और दिल्ली के बीच होगा

**मुंबई, एजेंसी**

आईपीएल में आज डबल हेडर यानी दो मुकाबले खेले जाएंगे। रविवार का पहला मुकाबला मुंबई इंडियंस (एमआई) और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच होगा। मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दोपहर 3.30 बजे से खेला जाएगा। टॉस 3 बजे होगा। मुंबई इंडियंस इस सीजन एक भी मैच नहीं जीत सकी है। जबकि दिल्ली को इकलौती जीत छस्थ्र के खिलाफ विशाखापट्टनम में 20 रन से मिली। पॉइंट्स टेबल में दिल्ली 9वें नंबर पर और मुंबई आखिरी पायदान पर है। तीन महीनों से चोटिल चल रहे मुंबई के बैटर सूर्यकुमार यादव वापसी के लिए तैयार है। इस उन्होंने एमआई कैंप जॉइन किया और टीम के साथ प्रैक्टिस भी की।

### हेड टु हेड में एमआई आगे

हेड टु हेड में एमआई का पलड़ा भारी है। अब तक आईपीएल में दोनों टीमों के बीच कुल 33 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 15 दिल्ली ने जीते जबकि 18 में मुंबई को जीत मिली। वहीं, वानखेड़े स्टेडियम में दोनों टीम 9 बार खेल चुकी है। इसमे से एमआई 6 बार और दिल्ली 3 बार जीती हैं।

### डीसी के कप्तान पंत फॉर्म में

डीसी के लिए, वापसी करने वाले कप्तान ऋषभ पंत ने लगातार दो अर्द्धशतक के साथ शानदार फॉर्म दिखाया है, लेकिन उन्हें बल्लेबाजों में दूसरे बैटर्स का साथ नहीं मिल रहा। डेविड वार्नर (148 रन) और ट्रिस्टन स्टब्स (103) थोड़ा बेहतर रहे हैं। हालांकि इस मुकाबले में टीम के युवा ओपनर पृथ्वी शॉ से ज्यादा उम्मीद होगी, क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम उनका घरेलू मैदान है। बॉलिंग में लेफ्ट आर्म पेसर खलील अहमद ने इंप्रेस किया है। इस सीजन 6 विकेट ले चुके हैं।





### एमआई के ओपनर फेल, तिलक- मधवाल ने प्रभावित किया

ओपनिंग में रोहित शर्मा और ईशान किशन दोनों से बेहतर शुरुआत की उम्मीद लगाई जा रही है, लेकिन किसी ने भी अभी तक बड़ा स्कोर नहीं बनाया है। हालांकि मिडिल ऑर्डर में तिलक वर्मा ने अपने प्रदर्शन से इम्प्रैस किया है। वे टीम के टॉप स्कोरर है। दूसरी ओर सीजन में अपने पहले मैच में आकाश मधवाल का तीन विकेट ने बॉलिंग लाइनअप को नई ऊर्जा दी है। इस सीजन अपने पहले ही मैच में उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 3 विकेट लिए। वहीं दिल्ली कैपिटल्स के पेसर मुकेश कुमार और स्पिनर कुलदीप यादव चोटिल है। मुकेश कुमार छस्थ्र के खिलाफ मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग इंजरी की वजह से बाहर हो गए थे। वहीं, कुलदीप यादव थाई इंजरी के कारण पिछले 2 मैचों से बाहर है। वे कुछ मुकाबले मिस कर सकते हैं। वानखेड़े की पिच आमतौर पर गेंदबाजों की तुलना में बल्लेबाजों के लिए ज्यादा मददगार साबित होती है। यहां हाई स्कोरिंग मैच देखने को हैं।

### बटलर की सेंचुरी, विराट ने लगाया 8वां शतक, सबसे ज्यादा कैच में रैना को पीछे छोड़ा

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली ने 72 बॉल पर 113 रन की नॉटआउट पारी खेली। हालांकि उनकी सेंचुरी टीम के काम न आई और टीम को राजस्थान ने 6 विकेट से हरा दिया। राजस्थान से जोस बटलर ने अपने 100वें आईपीएल मैच में शतक लगा दिया। विराट ने आईपीएल में 8वीं सेंचुरी लगाई, इसी के साथ उनके 7500 रन भी पूरे हो गए। वह ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी बने। विराट सबसे ज्यादा आईपीएल कैच लेने वाले प्लेयर भी बन गए। दूसरी ओर जोस बटलर शुरुआती 100 आईपीएल मैचों में 6 सेंचुरी लगाने वाले पहले ही प्लेयर बने। विराट कोहली ने आईपीएल में 7500 रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने पारी में 34वां रन बनाते ही इस रिकॉर्ड को हासिल कर लिया। वह आईपीएल में 7500 रन बनाने वाले पहले ही बैटर बने, वह टूर्नामेंट इतिहास के टॉप रन स्कोरर हैं। विराट आईपीएल में 242वां मैच खेल रहे थे। आईपीएल के दूसरे टॉप स्कोरर पंजाब के शिखर धवन हैं, जिनके नाम 6755 रन हैं। विराट कोहली ने ऋऋके खिलाफ अपना पहला और अपने आईपीएल करियर का 8वां शतक लगाया। टूर्नामेंट इतिहास में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने का रिकॉर्ड पहले से विराट के नाम है। उनके बाद क्रिस गेल का नंबर है, जिन्होंने 6 आईपीएल सेंचुरी लगाई हैं। विराट ने 113 रन की नॉटआउट पारी खेली लेकिन उनकी पारी टीम के काम न आई।

## अनुपमा और थारुन ने कजाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिताब जीता



**अस्ताना, एजेंसी**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय और थारुन मन्नेपल्ली ने शनिवार को उरालस्क में कजाखस्तान अंतरराष्ट्रीय चैलेंज टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष एकल खिताब अपने नाम किये। अल्मोड़ा की 19 साल की अनुपमा ने पिछले महीने पोलिश अंतरराष्ट्रीय चैलेंज में जीत हासिल की थी। उन्होंने फाइनल में 41 मिनट में हमवतन इशारानी बरुआ पर 21-15 21-16 से जीत दर्ज कर लगातार दूसरा खिताब हासिल किया। वहीं पिछले साल दिसंबर में गुवाहाटी में सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उपविजेता रहे 22 वर्षीय थारुन ने आठवें वरीय मलेशिया के सूंग जू वेन को 21-10, 21-19 से हराकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता। मिश्रित युगल के फाइनल में भारत के संजय श्रीवत्स धनराज और मनीषा के की जोड़ी को मलेशिया के वोंग टीएन सी और लिम चिव सिएन की जोड़ी से 21-9, 7-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा।

पूर्व सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियन अनुपमा इस हफ्ते अच्छी फॉर्म में दिखीं, उन्होंने फाइनल में पहुंचने से पहले हमवतन हर्षिता राउत, चेक गणराज्य की टेरेजा स्वाबिकोवा, हमवतन देविका सिहाग और जापान की सोरानो योशिकावा को मात दी। अनुपमा ने 2021 में इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज, पोलिश ओपन (2022 और 2024) और 2023 में ताजिकिस्तान इंटरनेशनल सीरीज जीती है। थारुन ने फाइनल से पहले हमवतन गगन बाल्यान, 2022 विश्व जूनियर चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता एस शंकर मुथुसैमी, कजाकिस्तान के दिमित्री पनारिन और वियतनाम के ले डुक फाट को पराजित किया।

### भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया हॉकी टेस्ट सीरीज

## मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 5-1 से हराया



**चार्ल्सटन, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के लिए टिम ब्रांड, टॉम विकहम, जोएल रिंताला और फ्लिन ओगिलिव ने गोल किए तो वहीं गुरजंत सिंह ने भारत के लिए स्कोर किया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हॉकी टेस्ट सीरीज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में शनिवार को मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम को 5-1 से हराया। ऑस्ट्रेलिया के लिए टिम ब्रांड (तीसरे मिनट में), टॉम विकहम (20वें और 38वें मिनट में), जोएल रिंताला (37वें मिनट में) और फ्लिन ओगिलिव (57वें मिनट में) गोल किए जबकि भारत के लिए गुरजंत सिंह ने खेल के 47वें मिनट में एकमात्र गोल किया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने खेल के तीसरे मिनट में ही गोल करते हुए मैच का शानदार आगाज कर दिया। विश्व की पांचवे नंबर की ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए टिम ब्रांड ने फील्ड गोल किया और मैच के पहले क्वार्टर में ही अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद भारत ने भी जबावी हमले किए लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। मोहम्मद राहिल ने खेल के 10वें मिनट में भारतीय टीम के लिए पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। हालांकि उन्हें सफलता नहीं मिली। खेल के दूसरे क्वार्टर में मेन इन ब्लू वापसी करने के इरादे से मैदान पर उतरी लेकिन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने विश्व के चौथे नंबर की भारतीय टीम को खाता नहीं खोलने दिया। मैच के पहले हाफ के अंत तक ऑस्ट्रेलिया 2-0 की बढ़त हासिल कर चुकी थी। मैच के पहले हाफ के बाद भारतीय टीम स्कोर करने के लिए लगातार प्रयास में जुटी थी तो वहीं मेन इन यलो ने दो और गोल कर तीसरे क्वार्टर में अपनी बढ़त को और मजबूत कर लिया।

**Life&Style METRO**

## जानिए.... कितना आम है माइग्रेन



*माइग्रेन होना सिरदर्द से कहीं ज्यादा तकलीफदेह होता है. क्या आपने कभी सोचा है कि ये दौरा ज्यादातर सुबह के समय ही क्यों पड़ता है? नई रिसर्च में इसके कारण का खुलासा हो गया है. माइग्रेन एक तरह का सिरदर्द होता है, जिसमें सिर के एक तरफ तेज दर्द होता है. ये दर्द चुभता हुआ महसूस होता है.*

### जाने क्या है समस्या

अक्सर सुबह होने वाले माइग्रेन को कौन सी चीजें ट्रिगर करती हैं, इस बारे में वैज्ञानिकों को अब तक पूरी तरह से पता नहीं था. लेकिन अब जर्नल न्यूरोलॉजी में पब्लिश एक नई स्टडी में बताया गया है कि माइग्रेन का दौरा पड़ने के दो सबसे बड़े कारण क्या हैं. इस स्टडी से अब ये भविष्यवाणी करने में भी मदद मिल सकती है कि मरीज को अगला दौरा कब पड़ने वाला है और शायद इससे बचाव भी किया जा सकता है. नई स्टडी के बारें में विस्तार से बताया है. माइग्रेन बहुत आम है. रिसर्च से पता चला है कि अमेरिका में लगभग 12 फीसदी लोग माइग्रेन का अनुभव करते हैं. इसका मतलब है कि हर 10 में से 1 व्यक्ति माइग्रेन से पीड़ित होता है. यह महिलाओं में पुरुषों की तुलना में ज्यादा आम है. अनुमान है कि 18 फीसदी महिलाएं और 6 फीसदी पुरुष माइग्रेन का अनुभव करते हैं।

### माइग्रेन दौरा कब पड़ने वाला है, ये कैसे पता करें?

शोधकर्ताओं ने यह जानने की कोशिश की कि क्या सिरदर्द होने से पहले लोगों के मूड, नींद, एनर्जी और तनाव के लेवल में कोई बदलाव होता है. जर्नल न्यूरोलॉजी में प्रकाशित एक नई स्टडी बताती है कि स्मार्टफोन ऐप्स या डायरी जिनकी मदद से उनकी नींद, व्यवहार और भावनात्मक स्थिति को ट्रैक किया जा सकता है, वो कुछ मरीजों में होने वाले सिरदर्द का पहले से पता लगा सकती हैं. अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों को सुबह माइग्रेन होता था, उनमें पिछले दिन एनर्जी लेवल कम पाया गया और रात की नींद भी अच्छी नहीं रही. दिलचस्प बात ये है कि चिंता और किसी तरह का मानसिक रोग होने का सीधा संबंध सिरदर्द से नहीं पाया गया, खासकर माइग्रेन होने की स्थिति में।



### क्या सिरदर्द को रोका जा सकता है?

रिसर्च ये तो साबित नहीं कर पाया कि टेंशन या डिप्रेशन सीधे तौर पर सिरदर्द का कारण बनते हैं, लेकिन ये जरूर बताया गया है कि अच्छी नींद और एनर्जी का लेवल बनाए रखना कितना जरूरी है. माइग्रेन के दौरे के दौरान मितली व उल्टी जैसी समस्याएं नींद में परेशानी डाल सकती हैं. खानेपीने की आदतों व हार्मोन्स में बदलाव माइग्रेन को कैसे ट्रिगर करते हैं, इस पर इस रिसर्च में अभी ज्यादा जानकारी नहीं मिली है. न्यूयॉर्क में स्थित मोंटेफियोर मेडिकल सेंटर की माइग्रेन एक्सपर्ट जेलेना पावलोविक का कहना है कि माइग्रेन का सबसे कारगर इलाज है हर रात अच्छी नींद लेना।


# जिलाबदर का उल्लंघन करने पर रासुका



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बीलखो में जिला बदर का उल्लंघन करने वाले आरोपी पर पुलिस ने रासुका की कार्रवाई की है। आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के कारण आरोपी का जिला बदर किया गया था। बावजूद इसके वह इलाके में घूम रहा था। पुलिस के अनुसार जालम सिंह गुर्जर पिता गुलाब सिंह गुर्जर ( 30 ) नरजीरबाद में रहता था। वह आपराधिक प्रवृत्ति का है और उस पर गंभीर अपराध दर्ज है। क्षेत्र को उससे खतरा था और उसका जिला बदर किया गया था। उसे भोपाल और आसपास के जिलों की हदों से दूर रहने की हिदायत दी गई थी। बावजूद इसके आरोपी गांव बीलखों में घूम रहा था।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित मिसरोद फाटक के पास बीती रात मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। उसने आत्महत्या की या फिर वह हादसे का शिकार हुआ पुलिस जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस उसकी शिनाख्ती के प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार बीती रात करीब साढ़े 9 बजे के आसपास सूचना मिली थी कि मिसरोद फाटक के पास कोई युवक मालगाड़ी से कट गया है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक की तलाशी लेने पर उसके पास से कोई आईडी कार्ड या फिर कागज नहीं मिला है, जिससे की शिनाख्त हो सके। उसकी उम्र करीब 30 से 35 साल के आसपास की होगी। वह सफेद रंग की शर्ट और नीला पेंट पहने हुए था।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित वाजपेयी नगर झुग्गी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई?कि वह शराब पीने का आदी था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार वसंत पिता गोकुल ( 35 ) वाजपेयी नगर झुग्गी में रहता था। उसके परिवार में दो भाई और मां समेत उसका आठ साल का बेटा था। पत्नी उसे छोड़कर जा चुकी है। पुलिस ने बताया कि वसंत शराब पीने का आदी था। शुक्रवार रात भी वह शराब के नशे में घर पहुंचा था। घर के बाहर बैठी मां को उसने कहा कि वह सोने जा रहा है। इसके बाद अंदर पहुंचकर उसने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली।

### बजरिया पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर मोहल्ले में रहने वाले युवक पर दर्ज किया मामला

# इंस्टाग्राम पर गंदी आईडी बनाने का आरोप लगाकर युवती के घर घुसकर युवक ने की बदसलूकी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**बजरिया पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर मोहल्ले में रहने वाले युवक के खिलाफ घर में घुसकर बदसलूकी करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। आरोपी युवक इंस्टाग्राम पर गंदी आईडी बनाने का आरोप युवती पर लगा रहा था, जबकि युवती अपने मोबाइल पर इंस्टाग्राम और फेसबुक चलाती ही नहीं है।**

पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 18 वर्षीय युवती अपने परिवार के साथ रहती है। दसवीं तक पढ़ाई करने के बाद वह पारिवारिक परेशानियों के चलते पढ़ाई छोड़ चुकी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी एक सहेली का भाई हिमांशु शाक्या बीती 2 अप्रैल को उसके घर पहुंचा और इंस्टाग्राम पर बहन की गंदी आईडी बनाने का आरोप लगाते हुए युवती के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। शोर सुनकर मां पहुंची और हिमांशु को घर से बाहर निकाला। उसी रात करीब दस बजे जब युवती घर पर अकेली थी, तभी हिमांशु का एक रिश्तेदार पहुंचा और वह भी उसी प्रकार के आरोप लगाने लगा। युवती के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंची और युवती को थाने जाने की सलाह दी तो रिश्तेदार वहां से भाग निकला। अगले दिन युवती परिजनों को लेकर सायबर क्राइम ब्रांच पहुंची और अपने मोबाइल द्वारा बनाई गई इंस्टाग्राम



आईडी के बारे में जानकारी ली। सायबर क्राइम ब्रांच से पता चला कि उसके मोबाइल से किसी भी प्रकार की इंस्टाग्राम आईडी नहीं बनाई गई है। यहां तक कि मोबाइल पर फेसबुक भी नहीं चलाया जाता है। उसके बाद शुक्रवार को पीड़िता ने बजरिया थाने जाकर हिमांशु शाक्या के खिलाफ घर में घुसकर बदसलूकी और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज करवा दिया। बताया जाता है कि आरोपी एक टेंट हाउस में काम करता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



शाहजहांनाबाद पुलिस ने गत 4 अप्रैल को घर से लापता हुई नाबालिग को बरामद कर लिया है। नाबालिग को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने और उससे दुष्कर्म करने वाले आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ अपहरण और बलात्कार समेत पाक्सो एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार 4 अप्रैल को इलाके में रहने वाली एक नाबालिग रहस्यमय तरीके से लापता हो गई थी। परिजन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने नाबालिग होने के कारण अज्ञात आरोपी पर अपहरण का मामला दर्ज किया और नाबालिग समेत आरोपी की तलाश की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी शहनवाज खान उर्फ रैन्चु पिता वसीम खान ( 19 ) गोयलधाम के पीछे संजय नगर भोपाल को विधिवत गिरफ्तार किया और उसके पास से नाबालिग को दस्तयाब किया था। नाबालिग ने पूछताछ में बताया कि उसके साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया है।

### महिला को दी फोन पर जान से मारने की धमकी

छोला मंदिर पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ फोन पर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 43 वर्षीय महिला प्रायवेट काम करती है। पिछले दिनों उसे पता चला कि करण नामक व्यक्ति लोगों से काम करवाने के बाद उनका भुगतान समय पर नहीं करता है। इस पर महिला ने सोशल मीडिया पर मैसज डाला कि कोई व्यक्ति करण के साथ काम नहीं करेगा। इसको लेकर करण ने महिला को फोन लगाया और उसे धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ फोन पर धमकाने का केस दर्ज कर लिया है।

# ब्रांडेड सीमेंट की बोरी में भरकर बेच रहा था नकली सीमेंट, धोखाधड़ी और कॉपीराइट का मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



फाइल फोटो

जहांगीराबाद पुलिस ने पुल बोगदा के पास एक गोदाम में छापामार कार्रवाई करते हुए 437 बोरी सीमेंट जब्त की है। इन सभी बोरियों को टेस्टिंग के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई की गोदाम में सस्ती सीमेंट को अल्टाट्रैक समेत अन्य महंगी सीमेंट की बोरियों में भरकर बेचा जा रहा था। पुलिस ने उक्त मामले में नकली सामान की जांच करने वाली अधिकृत संस्था के प्रतिनिधि की शिकायत पर गोदाम संचालक पर धोखाधड़ी और कॉपी राइट एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की है। एसआई लक्ष्मण राई ने बताया कि मोहम्मद सिद्धिकी शेख का पुल बोगदा पर सीमेंट गोदाम है। वहां सस्ती सीमेंट को महंगी और ब्रांडेड बोरियों में भरकर बेचे जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर नकली सामान की जांच करने वाली अधिकृत संस्था के प्रतिनिधि रौनक जोशी से पुलिस को शिकायत की। पुलिस टीम लेकर उनके साथ गोदाम पर पहुंची और छापा मारा। छापमार कार्रवाई के दौरान पुलिस को यहां 437 बोरी सीमेंट मिली है। इनमें 302 बोरी सीमेंट अल्टाट्रेक की बोरियों में भरी गई थी। बाकि की सीमेंट अलग-अलग ब्रांडेड कंपनी की बोरियों में भरी गई थी।

# बदला मौसम: भोपाल में सुबह हुई बूंदाबांदी, शाम तक फिर एक दौर के आसार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय चार मौसम प्रणालियों के असर से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। आज सुबह भोपाल में दो-तीन दौर हल्की बूंदाबांदी की चले। दोपहर तक भी बीच-बीच में बादल छाए रहे। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी से नमी आने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस वजह से रविवार को भोपाल, जबलपुर, नर्मदापुरम, शहडोल, सागर संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा हुई है। मौसम का इस तरह का मिजाज तीन दिन तक बना रह सकता है। इस दौरान दिन के तापमान में गिरावट होगी। वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। उत्तराखंड में एक द्रोणिका बनी हुई है। दक्षिणी छत्तीसगढ़ से लेकर विदर्भ, कर्नाटक, तमिलनाडु और मराठवाड़ा होते हुए कोमरीन तक एक द्रोणिका बनी है। इन मौसम प्रणालियों के असर से वातावरण में नमी आने लगी है। इस वजह से रविवार से प्रदेश के अधिकतर शहरों में गरज-चमक के साथ वर्षा होने का सिलसिला शुरू होने के आसार हैं। अलग-अलग स्थानों पर बनी मौसम प्रणालियों के साथ ही बंगाल की खाड़ी में एक प्रति चक्रवात भी मौजूद है। इस वजह से रुक-रुककर वर्षा का सिलसिला तीन दिन तक बना रह सकता है।




**मेट्रो एंकर** | **पीड़ित पुलिस अफसरों के पांच दिन से काट रहा चक्कर**

# कोकता मल्टी में पार्किंग को लेकर विवाद, दर्जनभर युवकों ने सुपरवाइजर को पीटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कोकता मल्टी, पीएम आवास में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में सुपरवाइजर पर करीब दर्जनभर युवकों ने हमला कर दिया। युवकों ने उसे सड़क पर पटककर लात-घूंसों से जमकर पीटा। इस हमले में सुपरवाइजर को गंभीर चोट आई है। घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में युवक उससे मारपीट करते हुए नजर आए है, जबकि पीड़ित का भाई ऊपर मल्टी से उसे छोड़ने की गुहार लगाते हुए दिखा है। बावजूद इसके बिलखिरिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला नहीं दर्ज किया। पीड़ित पुलिस अफसरों के पांच दिन से चक्कर काट रहा है।



जानकारी के अनुसार मूलत-हरदा निवासी 40 वर्षीय संतोष चौधरी निजी कंपनी में सुपरवाइजर है। वह अपने छोटे भाई शैलेन्द्र चौधरी के सास को आवंटित पीएम आवास मल्टी कोकता में रहता है। संतोष ने बताया कि वह अपनी बाइक को पार्किंग में खड़ा करता है। जिसमें मल्टी में रहने वाले लड़के बैठकर गाड़ी में नुकसान पहुंचाते हैं। 31 मार्च को वह गाड़ी खड़ी किया तभी मल्टी के लड़के उसपर बैठ गए। इसका विरोध किया तो दस से बारह युवक जमा हो गए। उन सभी ने उस पर हमला कर दिया। उसे चोट लगी। इसकी शिकायत करने जब वह बिलखिरिया थाना गया तो पुलिस ने आवेदन लेकर चलता कर दिया। अभी तक आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है। जबकि संतोष का कहना कि उसके सिर में चोट लगी है।

### वीडियो वायरल

घटना का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो मल्टी में ही किसी ने ऊपर से बनाया था। उक्त वीडियो3 में दस बारह युवक हमला करते हुए दिख रहे हैं। संतोष का भाई मल्टी में खड़े होकर रोता हुए अपने बड़े भाई को छोड़ने का कहता हुआ दिखा है। वह रोते हुए कहता है कि मर जाएगा, मत मारो, खून निकल रहा है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022